हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 6, अंक: 247, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 23 फरवरी, 2022 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## पूर्वोत्तर की संस्कृति, पहनावे का मजाक उड़ाते हैं कांग्रेस नेता : प्रधानमंत्री मोदी

### बीते दशकों में आपने अनेक सरकारों, उनका कामकाज और उनके कारनामे देखे

नई दिल्ली। देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। पंजाब, गोवा और उत्तराखंड में मतदान हो चुका है जबकि यूपी में तीसरे चरण की वोटिंग हुई है। मणिपुर में भी अभी मतदान बाकी है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने आज मणिपुर के हिंगांग में जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने मणिपुर की जनता को सरकार की उपलब्धियां गिनाई। मोदी ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत मणिपुर में 60 हजार से ज्यादा घर बनाएं जा रहे हैं। इनमें से ज्यादातर पर मालिकाना हक महिलाओं का है। मोदी ने कांग्रेस पर हमला भी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी, नॉर्थ ईस्ट के लोगों की भावनाओं को, यहां के लोगों की तकलीफों को कभी समझ ही नहीं पाई। ये NDA की सरकार है जो नॉर्थ ईस्ट को अष्ठ लक्ष्मी मानते हुए, भारत के विकास का ग्रोथ इंजन मानते हुए, काम कर रही है। आप सभी की सेवा, आप सभी का विकास ही हमारी प्राथमिकता है। मोदी ने कहा कि बीते दशकों में आपने अनेक सरकारों, उनका कामकाज और उनके कारनामे देखे हैं। दशकों के कांग्रेस शासन में



मणिपुर को असमानता और असंतुलित विकास ही मिला, लेकिन बीते 5 वर्षों में बीजेपी की डबल इंजन की सरकार ने मणिपुर के विकास का पूरी ईमानदारी से प्रयास किया है। ये चुनाव मणिपुर के आने वाले 25 साल को निर्धारित करने वाला है, स्थि?रता और शांति की जो प्रक्रिया इन 5 सालों में शुरू हुई है उसमें अब हमें स्थायी बनाना है। इसलिए मणिपुर में भाजपा के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बननी बहुत आवश्यक है। मणिपुर में जो देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई गई है, वो इस क्षेत्र को स्पोर्ट्स का इंटरनेशनल हब बनाएगी। बीजेपी सरकार पूरे नॉर्थ ईस्ट में स्पोर्ट्स टैलेंट को प्रोत्साहित कर रही है, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश कर रही है। मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस ने कभी आपके सामर्थ्य पर विश्वास नहीं किया, आपसे स्नेह नहीं किया। आज भी कांग्रेस के नेता यहां आकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। लेकिन दूसरे राज्यों में जाते ही पूर्वोत्तर की संस्कृति, पूर्वोत्तर के पहनावे का मजाक उड़ाते हैं। भाजपा सरकार ने मणिपुर में असंभव को भी संभव बनाया है। बंद और ब्लॉकेड से मणिपुर का शहर हो या गांव, हर क्षेत्र को राहत मिली है। वरना कांग्रेस सरकार ने तो बंद और ब्लॉकेड को ही मणिपुर का भाग्य बना दिया था।

**यूपी में चौथे चरण का चुनाव आज**– यूपी में आज चौथे चरण का चुनाव होगा। इसमें 9 जिलों की 59 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। चुनाव को देखते हुए 9 जिलों की सीमाएं सील कर दी गई हैं। सशस्त्र पुलिस बल, पीएसी व पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि 800 कंपनी केंद्रीय पुलिस को सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया जाएगा।

### आंध्र प्रदेश के मंत्री मेकापति गौतम रेड्डी का दिल का दौरा पड़ने से निधन

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री मेकापति गौतम रेड्डी का सोमवार तड़के हैदराबाद में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके एक करीबी सहायक ने यह जानकारी दी। वह 50 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा है। गौतम रेड्डी दुबई में 10 दिन बिताने के बाद कुछ दिनों पहले हैदराबाद लौटे थे। आंध्र प्रदेश उद्योग विभाग ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए दुबई एक्स्पो में एक स्टॉल लगाया था।

### सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर रोक को तत्काल कदम उठाए सरकार : इलाहाबाद हाईकोर्ट

नई दिल्ली। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इंटरनेट का दुरुपयोग रोकने के लिए तत्काल उचित कदम उठाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना समाज में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए जरूरी है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज के दौर में सोशल मीडिया विचारों के आदान-प्रदान का वैश्विक प्लेटफार्म है। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का इस्तेमाल करने का सबसे महत्वपूर्ण जरिया बन गया है लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के साथ मिलती है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की आपत्तिजनक तस्वीरें फेसबुक पर फॉरवर्ड करने के आरोपी सिद्धार्थनगर के नियाज अहमद खान की चार्जशीट और प्राथमिकी रद्द करने की अर्जी खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि आजकल क्या चलन बन गया है कि लोग अपना गुस्सा और फ्रस्ट्रेशन सोशल मीडिया में सम्मानित लोगों पर अभद्र टिप्पणियां कर-के निकाल रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं है कि किसी को भी किसी भी प्रकार की भाषा के प्रयोग का लाइसेंस मिल गया है।

## यूक्रेन से भारतीयों को निकालने के लिए एयर इंडिया संचालित करेगी तीन उड़ानें



नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन तनाव के बीच भारतीयों को निकालने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। खबरों के मुताबिक यूक्रेन से भारतीय नागरिकों से वापस लाने के लिए इस सप्ताह टाटा समूह की एयर इंडिया वहां के लिए 3 उड़ानें संचालित करेगी। एयर इंडिया की अधिकृत वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गई है। वेबसाइट में बताया गया है कि यूक्रेन के बोरिस्पिल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उसकी 3 उड़ानें 22, 24 और 26 फरवरी को रवाना की जाएंगी। इन उड़ानों के लिए सीटों की बुकिंग शुरू कर दी गई है। एयर इंडिया की वेबसाइट, एयरलाइंस के दफ्तरों, अधिकृत एजेंटों और कॉल सेंटर्स के जरिए सीटें बुक कराई जा सकती हैं। इससे पहले यूक्रेन के भारतीय दूतावास ने वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने का मशविरा दिया था। यूक्रेन में मुख्य रूप से भारतीय छात्र-छात्राएं ही अधिक संख्या में रह रहे हैं। इनकी संख्या करीब 20,000 है। ये सब वहां मेडिकल और इंजीनियरिंग की सस्ती पढ़ाई के लिए गए हैं। हालांकि भारतीय दूतावास ने उनसे कहा है कि वे रूस-यूक्रेन तनाव को देखते हुए कुछ समय के लिए भारत लौट जाएं। गौरतलब है कि रूस ने यूक्रेन की सीमाओं पर अत्याधुनिक हथियारों और सैन्य साज-ओ-सामान के साथ करीब 1.30 लाख सैनिक युद्ध के लिए तैयार स्थिति में तैनात कर रखे हैं। अमेरिका (यूएसए) के नेतृत्व वाले सैन्य गठजोड़ उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में यूक्रेन को शामिल किए जाने की कोशिशों से रूस नाराज हैं। यूक्रेन एक समय में रूस की अगुवाई वाले सोवियत संघ का हिस्सा रहा है। यही वजह है कि यूक्रेन के कई हिस्सों पर रूस अब भी अपना दावा जताता है। अभी एक दिन पहले ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्वी यूक्रेन में विद्रोहियों के कब्जे वाले दो इलाकों डोनेत्स्क और लुहान्स्क की आजादी को मान्यता दी है।

### भारत ने रूस से भी की संयम बरतने की अपील

नई दिल्ली। रूस के साथ यूक्रेन की सीमा पर बढ़ते तनाव से चिंतित भारत ने मंगलवार को सभी पक्षों को अत्यधिक संयम बरतने और पारस्परिक रूप से सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के लिए राजनयिक प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत की तरफ से यह बयान यूएनएससी में रूस द्वारा अलग किए गए क्षेत्रों डोनेट्स्क और लुहान्स्क की स्वतंत्रता की मान्यता की पृष्ठभूमि में दिया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका और सहयोगियों ने यूक्रेन में अलगाववादी क्षेत्रों की रूस की स्वतंत्र के रूप में मान्यता पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपात बैठक का अनुरोध किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने कहा कि रूसी संघ के साथ यूक्रेन की सीमा पर तनाव बढ़ने से क्षेत्र की शांति और सुरक्षा को कमजोर करने की क्षमता है।

## राहुल ने मोदी पर साधा निशाना, बोले- कोविड के लिए पीएम का समाधान था, 'थाली बजाओ'

इंफाल। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में 28 फरवरी को पहले चरण का मतदान है। पहले चरण के मतदान से पहले प्रचार के लिए कांग्रेस के



पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इंफाल पहुंचे। जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि , कोविड के लिए पीएम का समाधान था थाली बजाओ। राहुल गांधी ने इस दौरान बीजेपी से लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर भी जमकर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि भाजपा का विजन, विचारधारा, विचार और भाषा है जो अन्य सभी विचारों, भाषाओं और विचारधाराओं से श्रेष्ठ है। जब भाजपा और आरएसएस मणिपुर आते हैं तो वे इस समझ के साथ नहीं आते। उनमें श्रेष्ठता की भावना आती है। मैं श्रेष्ठता की भावना से नहीं विनम्रता के साथ आता हूं।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 में खूब वायदे किए थे लेकिन वह अब 2 करोड़ रोजगार, 15 लाख रुपये देने की बात, किसान की आय दोगुनी करने की बात, नोटबंदी और गलत तरह से जीएसटी लागू करने की बातें क्यों नहीं करते हैं? मणिपुर की जनता यह सवाल उनसे पूछें जब वह यहां आएं। कोविड के दौरान भाजपा की कार्रवाइयों ने छोटे व्यवसायों को चोट पहुंचाई है। भारत की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी गई। सत्ता में आने पर कांग्रेस मणिपुर में एमएसएमई क्षेत्र को पुनर्जीवित करेगी। हम खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। बता दें कि मणिपुर में दो चरणों में मतदान है। 28 फरवरी को पहले चरण और 5 मार्च को दूसरे चरण का मतदान होना है। मतों की गिनती 10 मार्च को होगी। बीजेपी भी चुनाव प्रचार में अपनी ताकत दिखा रही है।

## ऊना में अवैध पटाखा फैक्टरी में आग से 6 महिलाएं जिंदा जलीं व 13 गंभीर, धमाकों से गूंज उठा क्षेत्र

ऊना। जिला ऊना के टाहलीवाल में बड़ा हादसा हुआ है। एक पटाखा फैक्टरी में आग लगने से छह महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई है। फैक्टरी में अचानक आग भड़क उठी व कुछ कर्मी तो बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन काफी आग की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है उद्योग के अंदर 20 से ज्यादा कर्मी आग की चपेट में आए। बताया जा रहा है दस लोग गंभीर रूप से घायल हैं। अचानक आग भड़कने पर छह महिलाओं को जरा भी संभलने का मौका नहीं मिल पाया व वे जिंदा जल गईं। इसके अलावा अन्य लोग भी बुरी तरह से झुलसे हैं। हादसे के दौरान पूरा क्षेत्र पटाखों के धमाकों से गूंज उठा व आसमान में धुएं के बादल छा गए। हादसे में 45 वर्षीय अख्तरी देवी पत्नी अनवर और 18 वर्षीय अनमता पुत्री अनवर निवासी गांव बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश की मौत हो गई है। दोनों मां-बेटी थीं व एक साथ फैक्टरी में काम करती थीं। स्थानीय पंचायत की प्रधान सुरेखा राणा ने बताया यह फैक्टरी पूरी तरह से अवैध थी। पंचायत की एनओसी के बिना इसका संचालन किया जा रहा था। फैक्टरी में पानी का कनेक्शन भी नहीं लिया गया था। यह फैक्टरी स्वां के बिल्कुल छोर पर थी। आसपास के लोगों और पड़ोसियों को भी इसके बारे में जानकारी नहीं थी। हादसे के शिकार हुए सभी लोग अन्य राज्यों के निवासी हैं। लेकिन ये लंबे समय से संतोषगढ़ में रह रहे हैं। आग पर काबू पा लिया गया है व आग से झुलसे लोगों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। प्रशासन व स्थानीय लोग भी घायलों की मदद को आगे आए व तुरंत अस्पताल पहुंचाया। छह कर्मियों को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर किया गया, एक ईएसआई में है। गंभीर रूप से घायल लोगों को पीजीआइ चंडीगढ़ भेजने की तैयारी है।

## अनुराग ठाकुर का अखिलेश यादव पर तंज





बुंदेलखंड। भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसा। बांदा में ठाकुर ने कहा, "इस बार की लहर बताती है कि बुंदेलखंड में कमल ही खिलने वाला है। अखिलेश जी सात चरणों के बाद भी 100 भी पार नहीं कर पाएंगे और 10 मार्च को उनका बयान होगा कि ईवीएम बेवफा है। वह करहल से भी हारेंगे। सपा का 'गुंडा राज', माफिया राज और आतंकियों से मिलीभगत को लोग स्वीकार नहीं करेंगे। अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा पर तंज कसते हुए कहा था कि जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भाजपा शून्य की ओर बढ़ती जा रही है और सातवें चरण तक पार्टी के बूथ पर भूत नाचते नजर आएंगे। सपा अध्यक्ष ने बाराबंकी, अयोध्या और उन्नाव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया और उन्हें जिताने की पुरजोर अपील की। उन्होंने कहा कि हर वर्ग के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है। जनता चुनाव में इन्हें सबक सिखा रही है। अब साइकिल की रफ्तार को कोई रोक नहीं सकता है। अखिलेश ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण में भाजपा का सफया हो चुका है और पार्टी के नेता, कार्यकर्ता ठंडे पड़ गए हैं। उन्होंने कहा, "जैसे-जैसे मतदान होता जा रहा है, भाजपा के नेता ठंडे पड़ते जा जा रहे हैं, क्योंकि उनकी समझ में नहीं आ रहा कि जनता क्या चाहती है। प्रदेश में नौजवान नौकरी चाहता है, जनता महंगाई से निजात चाहती है, किसान अपनी फसलों की कीमत चाहता है और भाजपा के नेता इस पर बात नहीं करते हैं। अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा पर तंज कसते हुए कहा था कि जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भाजपा शून्य की ओर बढ़ती जा रही है और सातवें चरण तक पार्टी के बूथ पर भूत नाचते नजर आएंगे। सपा अध्यक्ष ने बाराबंकी, अयोध्या और उन्नाव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया और उन्हें जिताने की पुरजोर अपील की। उन्होंने कहा कि हर वर्ग के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है। जनता चुनाव में इन्हें सबक सिखा रही है। अब साइकिल की रफ्तार को कोई रोक नहीं सकता है।

## चुनाव परिणाम आने के बाद करवट लेगी देश की राजनीति, मजबूत बनकर उभरेगी कांग्रेस : हार्दिक


नई दिल्ली। कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होने कहा कि देश की राजनीति एक बार फिर नई करवट लेगी। हार्दिक पटेल ने



उम्मीद जताई कि पंजाब, उत्तराखंड और गोवा में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और उत्तर प्रदेश में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करेगी। गुजरात से ताल्लुक रखने वाले युवा नेता ने कहा कि मैंने पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में पार्टी के लिए प्रचार किया है। इसलिए, यह कह सकता हूं कि लोगों में कांग्रेस को लेकर उत्साह है। पंजाब, उत्तराखंड और गोवा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस हाल के दिनों में मजबूत होकर उभरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव के नतीजे देश की राजनीति में बदलाव लाएंगे और कांग्रेस मजबूत पार्टी के रूप में केंद्र की सत्ता पर मजबूती से अपना दावा पेश करेगी। पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लंबे समय बाद कांग्रेस के कार्यकताओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। जनता भी प्रियंका गांधी की सभाओं में बड़ी संख्या में आ रही है। मेरा मानना है कि कांग्रेस इस बार उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और अन्य चुनावी राज्यों में भाजपा के खिलाफ लोगों में आक्रोश है और यह 10 मार्च को चुनाव नतीजों में भी दिखेगा।

## कर्नाटक में बजरंग दल के कार्यकर्ता की हत्या मामले में 3 गिरफ्तार शवयात्रा के दौरान भारी बवाल, धारा- 144 लागू, स्कूल-कालेज बंद

शिमोगा। सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील कर्नाटक के शिमोगा में बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष की धारदार हथियार से गोदकर हत्या कर दी गई है। उसकी शवयात्रा के दौरान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और च्हसा भड़क गई। लोगों ने पथराव भी किया जिसमें एक महिला सिपाही और फोटो पत्रकार समेत कई लोग घायल हो गए। गंभीर हालात को देखते हुए शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है और एहतियात के तौर पर सोमवार को स्कूल और कालेज भी बंद कर दिए गए। बजरंग दल ने हत्याकांड के विरोध में बुधवार 23 फरवरी को राज्य व्यापी बंद का आह्वान किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने सिलसिलेवार ट्वीट किया, 'शैक्षणिक संस्थाओं में ड्रेस का समर्थन और हिजाब का विरोध करने पर हर्ष को जिहादी कट्टरपंथियों ने शिमोगा में उसके घर के सामने बेरहमी सा मार डाला। राष्ट्र विरोधी, हिंदू विरोधी कट्टरपंथी ताकतों द्वारा हर्ष की हत्या कर दी गई है।' उन्होंने कहा कि 'वह कट्टरपंथियों के निशाने पर था। बलिदानी हर्ष को श्रद्धांजलि। दुख की इस घड़ी में हम सभी उसके परिवार के साथ हैं। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी कहा कि स्कूल-कालेज में हिजाब के खिलाफ अभियान का समर्थन करने पर हर्ष की हत्या की गई। वहीं, केंद्रीय राज्यमंत्री शोभा



करांदलजे ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले की एनआइए से जांच कराने की मांग की है।

राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने कहा कि 28 वर्षीय हर्ष की हत्या के मामले में अभी तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। जांच के बाद ही हत्या के कारणों और उसके लिए जिम्मेदार लोगों के बारे में कुछ कहा जा सकेगा। हालांकि, एक समाचार एजेंसी के मुताबिक पुलिस ने शिमोगा से कासिफ नामक व्यक्ति को पकड़ा। उससे मिली जानकारी के बाद दो अन्य आरोपितों को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया। कासिफ ने पुलिस को बताया कि हर्ष की हत्या करने में पांच लोग शामिल थे। पुलिस अब शेष दो आरोपितों की तलाश कर रही है। हर्ष की हत्या की खबर फैलते ही रविवार देर रात को ही लोगों का हुजूम अस्पताल पर उमड़ पड़ा। सोमवार को जब उसकी शवयात्रा निकाली गई तो लोग बेकाबू हो गए। लोगों ने पथराव किया और कई वाहनों में आग लगा दी। गृह मंत्री ज्ञानेंद्र ने कहा कि हिंसा और आगजनी में 1,200 से ज्यादा लोगों को पकड़ा गया है। हालात को काबू में करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स के साथ ही आस-पास के जिलों की फोर्स को भी शिमोगा में तैनात किया गया है। शहर में धारा 144 लगा दी गई है और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुरुगन खुद हालात पर नजर रख रहे हैं।

## देश की सबसे बड़ी देवचा कोयला परियोजना के मुआवजे में संशोधन : ममता बनर्जी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खनन परियोजना को को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि सरकार ने परियोजना के कारण जमीन गंवाने वालों लोगों के लिए मुआवजे में संशोधन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजना के लिए जबरन किसी की जमीन नहीं ली जाएगी। कुल 35,000 करोड़ रुपये की कोयला परियोजना राज्य के बीरभूम जिले में है। बनर्जी ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि राज्य सरकार खनन परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण करना चाहती है क्योंकि इससे एक लाख रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा, ह्यसरकार इस परियोजना का विकास करेगी और कोई भी जमीन निजी क्षेत्र को नहीं दी जाएगी। हमने मंत्रिमंडल की बैठक में मुआवजे में संशोधन किया है ताकि लोगों को लाभ हो।

मुख्यमंत्री ने कहा, इसके बावजूद अगर कोई जमीन नहीं देना चाहता, हम मजबूर नहीं करेंगे और उस भूखंड को छोड़कर परियोजना का विकास करेंगे। उन्होंने कहा, क्षेत्र में रहने वाले उन लोगों को भी मुआवजा और समर्थन दिया जाएगा, जो कोयला ब्लॉक के लिये चिन्हित क्षेत्र में रहते हैं और जमीन तथा मकान को लेकर उनका कोई कानूनी अधिकार नहीं बनता। मुख्य सचिव एच के द्विवेदी ने कहा कि सरकार 10,000 करोड़ रुपये के पुनर्वास पैकेज की पेशकश कर रही है। मकान निर्माण के लिए दिए जाने वाले मुआवजे को पांच लाख रुपये से बढ़ाकर सात लाख रुपए कर दिया गया है और उन्हें दिए जाने वाले घरों का आकार 600 वर्ग फुट से संशोधित कर 700 वर्ग फुट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि साथ ही सरकार ने मुआवजे के एक और हिस्से को अब एक लाख रुपए के बजाय 1.5 लाख रुपए कर दिया है। द्विवेदी ने कहा कि वह जमीन गंवाने वालों को दो फीसदी मुआवजा, राहत के रूप में सौ फीसदी और दूसरी जगह सामान ले जाने के खर्च के एवज में एक लाख रुपए दे रही है।

## चिंतन मनन

### पाक पर भरोसा नहीं

कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद व्यापारिक रिश्ते खत्म कर चुके पाकिस्तान को एक बार फिर से भारत की याद आई है। कंगाली के हालात से जूझ रहे पाकिस्तान ने कहा है कि, भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते समय की जरूरत है। इससे दोनों देशों को फायदा होगा। पाकिस्तान का यह बयान तब आया है, जब पाक पीएम इमरान खान पहली बार रूस दौरे पर जा रहे हैं। पाक पीएम इमरान खान का जल्द ही रूस दौरा होने वाला है। इस दौरान उनकी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ गैस पाइपलाइन बिछाने को लेकर चर्चा होगी। अब्दुल रजाक भी कह चुके हैं, रूस पाकिस्तान में गैस पाइपलाइन बिछाना चाहता है। दरअसल, रूस व मध्य एशिया के देशों से पाकिस्तान होते हुए गैस पाइपलाइन भारत तक जाती है, तो पाकिस्तान को इसके बदले मोटा पैसा पैसा मिल सकता है, यही कारण है कि अब पाक-भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों को ठीक करना चाहता है। दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार 2019 से बंद है। कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवानों के मारे जाने के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान का तरजीही राष्ट्र (मोस्ट फेवर्ड नेशन, एमएफएन) का दर्जा छीन लिया और वहां से आयात होने वाली चीजों पर सीमा शुल्क दो सौ फीसद तक बढ़ा दिया। इसका प्रभाव इतना गंभीर था कि जनवरी से लेकर मार्च के बीच पाकिस्तान से होने वाला आयात 91 फीसद गिर गया। कारोबारी गिरावट का घाटा सिर्फ दोनों देशों में ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महसूस किया जा रहा है। पाकिस्तान की व्यापार के मामले में भारत पर थोड़ी अधिक निर्भरता देखने को मिलती है। संयुक्त राष्ट्र के कॉमट्रेड के आंकड़ों के अनुसार, बीते 15 साल में भारत का दुनिया भर से आयात 5.2 लाख करोड़ डॉलर का था, लेकिन पाकिस्तान से सिर्फ 5.5 अरब डॉलर का ही आयात था। यह देश के कुल आयात का सिर्फ 0.1 फीसद था। इसी समय में भारत से पाकिस्तान होने वाला निर्यात उसके कुल निर्यात का सिर्फ 0.7 फीसद था। किसी भी साल में भारत के कुल आयात में पाकिस्तान का हिस्सा 0.16 फीसद से अधिक नहीं रहा। वहीं, भारत के कुल निर्यात में उसका हिस्सा कभी 1.1 फीसद से आगे नहीं बढ़ पाया। दूसरी ओर, भारत से आयात में पाकिस्तान के कुल आयात का हिस्सा 3.6 फीसद रहा है, जबकि निर्यात 1.5 फीसद रहा है। इस दौरान पाकिस्तान के कुल आयात में भारत का हिस्सा 4.4 फीसद तक पहुंच गया, जबकि उसकी देश के कुल निर्यात में हिस्सेदारी 2.1 फीसद थी। कूटनीतिक तौर पर गेंद भारत ने पाकिस्तान के पाले में डाल रखी है। भारत कह चुका है कि वह व्यापार जारी रखने को तैयार है, लेकिन इसके लिए पाकिस्तान को माहौल तैयार करना होगा। भारत और पाकिस्तान- दोनों देश बड़े व्यापारिक साझेदार नहीं हैं, लेकिन दोनों देशों के कुछ उद्योग और बाजार एक-दूसरे पर निर्भर करते हैं। यही कारण है कि व्यापार पर रोक की मार दोनों तरफ भारी पड़ रही है। पाकिस्तान की तरफ से व्यापार शुरू करने की पहल पहली बार नहीं है। इसी साल की शुरूआत में पाकिस्तान ने नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति जारी की थी जिसमें अगले 100 वर्षों तक भारत से कोई शत्रुता नहीं रखने की बात कही गई। हालांकि, जब जुल्फिकार अली भुट्टो वहां के प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने भारत से 1,000 साल तक लड़ने के बात कही थी। मगर लगभग 3 दशक से पाकिस्तान आतंकवादी रूपी कदम युद्ध जारी रखे हुए हैं जिसमें कितने ही बेगुनाहों की जान गई है। उसके द्वारा मुंबई में किया गया 26/11 का आतंकवादी हमला कौन भूल सकता है? भारत की संगठनों को पालने-पोसने और भारत में घुसपैठ कराने वाले पाकिस्तान की नीयत पर कोई कैसे भरोसा कर सकता है? भारत के खिलाफ पाकिस्तान और चीन ने हाथ मिला रखा है. जब भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर बस से लाहौर गए थे तो उसका जवाब पाकिस्तान ने कारगिल हमले से दिया था। इन सारी बातों को देखते हुए पाकिस्तान पर जरा भी विश्वास नहीं किया जा सकता। ऐसे में व्यापार शुरू करने की उसकी बातों पर कैसे आगे बढ़ा जाए। पाकिस्तान इस समय कंगाली में है, उसे पैसों की सख्त जरूरत है। इसीलिए इस समय वह नरमी दिखा रहा है। जब उसकी हालत सुधरेगी, तो फिर पुराने रंग में ही दिखेगा।

### दुनिया रही कराह !




बनी युद्ध की स्थिति ।
दुनिया रही कराह ।।
पता नहीं क्या हो रहा ।
हैं सारे गुमराह ।।
जंग के मुहाने पर ।
खड़ी दुनिया आज ।।
शब्दों के भी बाण चले ।
ना आती अब लाज ।।
मची अफरातफरी ।
लौटेंगे स्वदेश ।।
आसमान में उड़ रहे ।
विमान अब विशेष ।।
एडवाइजरी दौड़ रही ।
होगा रखना ध्यान ।।
धैर्य है बनाना ।
आया इम्तिहान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# श्रीरामकथा के अल्पज्ञात दुर्लभ प्रसंग

उपेन्द्र भञ्ज ने स्वरचित 'रसपञ्चक' नामक ग्रन्थ में अपने वंश का परिचय देते हुए बताया कि- उनके पितामह धनञ्जय भञ्ज का परिचय 'लावण्यवती' बैदेहीश-विलास और रसपंचक आदि ग्रन्थों में दिया गया है। धनंजय (धनञ्जय) भञ्ज उस समय एक प्रसिद्ध कवि थे और उन्होंने घुमसुर में 60 वर्ष से अधिक शासन किया। श्रीमान् अनन्त पद्मनाभजी पट्टनायक के मतानुसारन्- उपेन्द्र भञ्ज ई. १७०१ तक जीवित थे और उपेन्द्र भञ्ञ्ज ने अपनी २८वें वर्ष की अल्पायु में 'बैदेही-विलास' महाकाव्य (रामायण) की रचना पूर्ण कर पितामह को दिखाया था। उनके मतानुसार उपेन्द्र भञ्ज ने ई. १६९८ में लगभग बैदेही-विलास महाकाव्य की रचना समाप्त कर दी थी और यदि उस समय उनकी आयु २८ वर्ष की हुई होगी, उनका जन्मकाल ई. १६७० और मृत्युकाल ई. १७२० के लगभग है। शिल्पकला के क्षेत्र में जो ख्याति एवं गौरव कोणार्क के सूर्य मंदिर को प्राप्त है, वही ख्याति और गौरव काव्यकला के क्षेत्र में 'बैदेही-विलास' महाकाव्य को प्राप्त है। इसमें वैदेही पति श्रीराम की लीला का श्रेष्ठतम एवं सांगोपांग वर्णन है।

बैदेहीश-विलास महाकाव्य के नामकरण से ही ग्रन्थ की विषयवस्तु की जानकारी प्राप्त हो जाती है। यह नामकरण बड़ा ही अर्थपूर्ण तथा विशिष्टता लिए हुए है। इस ग्रन्थ में वैदही (सीताजी) के ईश (प्राणवल्लभ) श्रीराम के विलास (लीला) का सांगोपांग वर्णन किया गया है। अतः इस ग्रन्थ का नाम यथार्थतः बैदेहीश-विलास ही रखा गया है। बैदेही-विलास में 'ब' अक्षर का प्राधान्य-ओड़िया वर्णमाला में 'ब' और 'व' दोनों को प्राप्त होता है किन्तु भाषा में केवल 'ब' ही का व्यवहार देखने को मिलता है। उपेन्द्र भञ्ज ने बैदेहीश-विलास के प्रत्येक पाद के आद्याक्षर (प्रथम अक्षर) को 'ब' से आरम्भ किया है। यह ओड़िया भाषा और साहित्य में अद्भुत विशेषता है। इतना ही नहीं प्रत्येक छान्द के पदों की संख्या 'ब' आद्यक है उदाहरणस्वरूप बाईस, बत्तीस, बयालीस, बावन, बासठ, बहत्तर आदि। उपेन्द्र भञ्ज ने अपने इस महाकाव्य के प्रथम छान्द में उन ग्रन्थों का उल्लेख किया, जिनके आधार पर उन्होंने अपने काव्य की रचना की है। ये हैं-



वाल्मीकि रामायण, अध्यात्मरामायण, हनुमन्नाटक, रघुवंश, भोजराज-चम्पूरामायण आदि। इस महाकाव्य में कुल बावन (५२) छान्द है वे भी 'ब' आद्यक हैं।

मानस में श्रीराम का विरह विलास तथा सीताहरण प्रसंग

श्रीरामचरितमानस में सीताहरण के पश्चात श्रीराम को अपनी कुटिया में सीताजी को न पाकर साधारण मनुष्य की भाँति व्याकुल और दुःखी बताया गया है। लक्ष्मणजी भी श्रीराम को अनेक प्रकार से समझाते हैं तब श्रीराम लताओं और वृक्षों की पंक्तियों से सीताजी का पता पूछते हैं इनके द्वारा कोई उत्तर न प्राप्त होने पर वे अनेक सुन्दर पक्षियों, पुष्पों पशु-पक्षियों से भी सीताजी का पता पूछते हैं यथा-

हे खग मृग हे मधुकर श्रेणी। तुम्ह देखी सीता मृगनैनी।।

खंजन सुक कपोत मृग मीना। मधुप निकर कोकिला प्रबीना।।

कुंद कली दाड़िम दामिनी। कमल सरद ससि अहिभामिनी।।

बरुन पास मनोज धनु हंसा। गज केहरि निज सुनत प्रशंसा।।

श्रीफल कनक कदलि हरषाहीं। नेकु न संक सकुच मन माहीं।।

सुनु जानकी तोहि बिन आजू। हरषे सकल पाइजनु राजू।।

श्रीरामचरितमानस अरण्यकाण्ड ३०.५ से ७

हे पक्षियों, हे पशुओं! हे भौरों की पंक्तियों, तुमने कहीं मृगनयनी सीताजी को देखा है? खंजन, तोता, कबूतर, हिरण, मछली, भौरों का समूह प्रवीण कोयल, कुन्दकली, अनार, बिजली, कमल, शरद का चन्द्रमा और नागिनी, वरुण का पाश, कामदेव का धनुष, हंस, गज और सिंह ये सब आज अपनी प्रशंसा सुन रहे हैं। बेल (बिल्व पत्र का फल) सुवर्ण और केला हर्षित हो रहे हैं। इनके मन में जरा भी शंका और संकोच नहीं है। हे जानकी सुनो तुम्हारे बिना ये सब आज ऐसे हर्षित हैं मानो राज पा गए हो। अर्थात तुम्हारे अंगों के सामने ये तुच्छ, अपमानित और लज्जित थे। आज तुम्हें न देखकर ये अपनी शोभा (सुन्दरता) के अभिमान में फूल रहे हैं।

इस प्रकार मानस में वर्णित ये सब पशु, पक्षी, पुष्प, चन्द्रमा, बिजली, बेल, केला, सुवर्ण आदि श्रीराम के सीताजी के पास न होने से अपनी सुन्दरता के अभिमान में गर्वित हैं तथा उन्हें सीताजी के चले जाने से प्रसन्नता है। श्रीराम ने इनके समक्ष दुःख को प्रकट करने पर कुछ भी उत्तर प्राप्त नहीं होता है।

ओड़िया बैदेहीश-विलास रचित उपेन्द्र भञ्ज रामायण में सीताहरण के प्रसंग में बगुले तथा मुर्गे को श्रीराम का वरदान

१. श्रीराम द्वारा बगुले को वरदान प्रसंग

ओड़िया बैदेहीश-विलास भाषा के रचयिता उपेन्द्र भञ्ज की रामायण में श्रीराम का सीताजी के बारे में वृक्षों-लताओं, बगुले तथा मुर्गे द्वारा दिया गया उत्तर (जानकारी) अन्य श्रीरामकथाओं (रामायणों) से हटकर अपनी विशेषताएँ लिए हैं यथा-

बके बसिथिला ध्रुप उपरे। विष्णुपदकु भजिला उत्तारे।

बलक्ष पथकु अंगरे बहि। बहन सेलम नाशन बिहि।

बकता ए गिर। बिश्राम बार्ता कहिबा सुन्दर।

औड़िया बैदेहीश-विलास रचयिता उपेन्द्र भञ्ज छान्द ३१-१

बके=एक बगुला, ध्रुव=ठूँठ, विष्णुपदकु=आकाश, भजिला उतारे=उड़ने के पश्चात। बलक्षपक्ष=सफेद पंख, श्वेत पर, बहन=शीघ्र ही, बकता ए गिर=यह वचना कहा, बार्त्ता=प्रिया की खबर, सुन्दर=हे सुन्दर श्रीराम

इस प्रकार व्याकुल-चित्त श्रीरामजी सीताजी का अन्वेषण, वृक्षों-लताओं तथा पशु-पक्षियों से पूछते हुए इधर-उधर घूम रहे थे। उस समय एक बगुला आकाश में उड़ने के बाद एक ठूँठ पर आ बैठा था। वह अपने शरीर में श्वेत पंख धारण किए हुए था और अपने पंखों (परों) की सफेदी से शीघ्र ही आसपास का अंधकार का नाश कर रहा था। श्रीराम को देखकर उसने यह वचन कहे, 'हे सुन्दर'! यदि आप यहीं कुछ समय के लिए विश्राम करें तो मैं आपकी प्रिया (सीताजी) का सन्देश अवश्य कहूँगा।

जिस वधू की प्राप्ति की कामना में आप इस वन में इधर-उधर घूम रहे हैं, आपसे विरह के कारण कामदेव (कन्दर्प) उसका वध करने की चेष्टा में रहा है। अपनी प्राणप्रिया का सौन्दर्य-गुण का आप जैसा बखान करके विलाप कर रहे हैं, उस रूपवती एक रमणी को रथ में बैठाये दक्षिण दिशा की ओर ले जाने वाले बीस भुजाओं वाले रावण को मैंने देखा है। उनके नयनों से आँसू की बूँदे निकल रही थी। कविजन कहते हैं मीन मोती उगलते हैं और नयनरूपी मीन आँसू रूपी मोती उगलते हैं किन्तु सीताजी के नयनों से जो अश्रु बिन्दु गिर रहे हैं उन अश्रु बिन्दुओं के सामने (समक्ष) मोती उगलने का हृदय भी बहुत न्यून (तुच्छ) है। इस कारण मीन मारे लज्जा के पानी में छिप जाती और मैं उन्हें ढूँढ पकड़कर भोजन करता हूँ। सीताजी के कण्ठ से जो 'राम राम' स्वर निकल रहा था, उसके वीणा का स्वर भी क्या मधुर हो सकता है अर्थात सीताजी का 'राम राम' नाम का उच्चारण वीणा की मधुर ध्वनि से कहीं अधिक मधुर मालूम पड़ती थी।

# 'आधी आबादी' को भी कुछ अपने लिये तय कर लेने दो

दुनिया में कहीं भी जब महिलाओं की स्वतंत्रता या उनके अधिकारों की चर्चा छिड़ती है उस समय दुनिया के पुरुषों द्वारा ही सबसे ज्यादा महिलाओं का महिमांडन करते हुये यह बताने की कोशिश की जाती है कि उनके देश व समाज में किस तरह महिलाओं को स्वतंत्रता हासिल है। कहीं महिलाओं के रुतबे को बढ़ाने के लिये उसे देवी तक का रूप बता दिया जाता है कोई सेना ,जल सेना व वायुसेना में महिलाओं की भर्ती पर इतराता है कोई साधु संत या धर्माधिकारी की गद्दी पर महिला को बिठाकर यह सन्देश देता है कि महिलायें भी पुरुषों के समान हैं। कहीं राजनीति में नाममात्र प्रतिनिधित्व देकर व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी होने का ढिंढोरा पीटा जाता है। गोया पुरुष प्रधान समाज ही इस बात का श्रेय लेने के लिये भी आतुर दिखाई देता है कि देखो- हमने महिलाओं को अमुक अमुक अधिकार प्रदान किये हैं। इतना ही नहीं जब कभी किसी धर्म या जाति विशेष की इस बात के लिये आलोचना होती है कि वहां महिलाओं को आजादी नहीं है या उनके अधिकारों का हनन होता है तो उस धर्म जाति विशेष के धर्मगुरु व चिंतक सामने आकर अपने धर्मग्रंथों के कुछ उदाहरण प्रस्तुत कर यह बताने की कोशिश करते हैं कि महिलाओं को इनके समाज ने जितनी आजादी दी उतनी किसी दूसरे धर्म या समाज में नहीं।

सवाल यह है कि 'आधी आबादी' के बारे में पुरुषों में बचपन से ही यह धारणा किस आधार पर विकसित की जाती है कि उसके बारे में कोई भी निर्णय लेने का अधिकार प्रायः उसके परिवार के पुरुष समाज को ही है स्वयं महिलाओं को नहीं ? एक लड़की बचपन में ही जब कहीं जाना चाहती है तो उसके साथ कोई पुरुष सदस्य भेजा जाता है। वह कहाँ जाये और कहाँ न जाये यह उसके परिवार का पुरुष तय करता है। बच्ची जब युवावस्था में कदम रखती है तो इसी पुरुष समाज द्वारा अपनी धार्मिक परंपराओं व रीति रिवाजों का वास्ता देकर उस पर हिजाब व नकाब की पाबन्दी लगाई जाती है। जैसे ही वह इसपर अमल करती है वह दूसरे धर्म व समाज के पुरुषों की नजरों में 'अतिवादी ' नजर आने लगती है। ये वर्ग इन लड़कियों से हिजाब उतार फेंकने की जिद पर अड़ जाता है। यहाँ तक कि इस विषय को राजनैतिक तूल देकर इसे सांप्रदायिक रंग दिया जाने लगता है। किसी लड़की को स्कूल स्तर तक की शिक्षा लेनी है या कॉलेज जाना है यह भी लड़की नहीं उसके परिवार के पुरुष तय करते हैं।

पुरुषों की इन्हीं बंदिशों,निदेशों यहाँ तक कि तरह तरह की मानसिक प्रतारणाओं का सामने करते हुये जब यही लड़की विवाह योग्य होती है तो प्रायः उसके जीवन साथी चुनने का निर्णय भी उसके परिवार के पुरुष मुखिया या अभिभावक ही लेते हैं। जबकि जिन्दिगी उस लड़की को गुजारनी है परन्तु किसके साथ गुजारनी है यह लड़की तय नहीं कर सकती। जाहिर है अभिभावक व परिजन अपने



संभावित दामाद में जो विशेषतायें तलाश रहे हों वही विशेषतायें लड़की भी तलाश करे यह जरूरी नहीं। परन्तु आम तौर पर लड़की पर उसके अभिभावक की पसंद ही थोपी जाती है। और यदि किसी लड़की ने अपने साहस व विवेक का प्रयोग करते हुये अपनी पसंद के किसी लड़के से शादी करने का साहस कर भी लिया तो हमारा यही पुरुष समाज उसे किस गति तक पहुंचा देता है यह किसी से छुपा नहीं है। आये दिन हमारे देश में 'ऑनर किलिंग ' के नाम से होने वाली हत्याओं की खबरें आती रहती हैं। और बड़े गर्व से ऐसी हत्याओं को 'ऑनर किलिंग ' का नाम भी दिया जा चुका है।

युवक-युवतियों के परस्पर प्रेम प्रसंग के किस्से संभवतः पृथ्वी के अस्तित्व में आने के बाद से ही प्रचलित होने लगे थे। संतों देवताओं ऋषि मुनियों से लेकर पैगंबरों व महापुरुषों तक से जुड़ी अनेक दास्तानों में ऐसे किस्से सुनने व पढ़ने को मिलते हैं। परन्तु आज यदि कोई युवती अपनी इच्छानुसार अपने किसी प्रेमी युवक से मिलने या उसके साथ घूमने फिरने की इच्छुक हो तो उसे उस अतिवादी व उपद्रवी पुरुष समाज की प्रताड़ना व उनके लठ का सामना करना पड़ता है जो एक दुसरे को जानते ही नहीं। उन उपद्रवियों का पूर्वाग्रह इसी बात को लेकर होता है कि ऐसे प्रेमी उनकी संस्कृति व सभ्यता के दुश्मन हैं। तो क्या किसी युवती को प्रताड़ना देना उसे अपमानित करना किसी सभ्य समाज की संस्कृति व सभ्यता का हिस्सा माना जा सकता है। जब हम अपनी संस्कृति व सभ्यता की तुलना पश्चिमी देशों की संस्कृति-सभ्यता से करते हैं तो हमें उसमें पाश्चात्य सभ्यता के नाम पर केवल 'नंगापन' ही दिखाई देता है। क्योंकि शायद हमारी नजरें शरीर के नंगे हिस्से के आगे कुछ देखना ही नहीं चाहतीं। हमें उसकी योग्यता, उसके गुण, उसकी शिक्षा उसकी वैज्ञानिक व आधुनिक सोच जैसे तमाम गुण नजर नहीं आते। तो कुसूर उसके नंगे शरीर का है या पुरुषों की संकीर्ण नजरों का ? मजे की बात तो यह है कि यही पुरुष समाज जिसे पाश्चात्य सभ्यता में नंगापन दिखाई देता है वही पुरुष समाज अपने कथित 'सांस्कृतिक व सभ्यतावादी ' देश में महिलाओं के लिये कितना मान सम्मान रखता है यह पूरी दुनिया को पता है। बलात्कार और जघन्य व क्रूरतापूर्ण बलात्कार के ऐसे ऐसे किस्से हमारे देश में सुनने को मिलते हैं जिन्हें सुनकर रूह काँप उठती है। दो महीने की बच्ची से लेकर 85 वर्ष की अति वृद्ध महिला तक को हमारे 'सभ्यतावादी ' पुरुष नहीं बख़्शते। यहाँ बाप और भाई की गोद में बेटी बहन सुरक्षित है या नहीं इस बात की कोई गारंटी नहीं है। परन्तु संस्कार,भाषण और योजनाओं के ढिंढोरे व दिखावे में बेटी देवी भी है,पूज्य भी है,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे भी हैं।

लिहाजा महिलाओं पर शिकंजा कसने की प्रवृति छोड़कर पुरुष समाज को अपनी सोच, विचार, संकुचित मानसिकता, बदलने की जरुरत है। जब महिलाओं को इस बात में कोई आपत्ति या दखल नहीं कि कोई पुरुष साधू या नागा क्यों बनता है, कोई अपने लिंग की पूजा क्यों करवाता है, कोई जटा या दाढ़ी क्यों रखता या नहीं रखता है, कोई कितनी पत्नियां रखता है, कोई शाकाहारी या मासांहारी क्यों है, कोई क्या खाता पीता है कहाँ आता जाता है फिर आखिर सारी बंदिशें व निगरानियाँ महिलाओं के लिये ही क्यों। वैसे भी यदि हम किसी पूर्वाग्रह के बिना निष्पक्ष तरीके से सोचें व अपनी खुली नजरों से देखें तो हम यही पायेंगे कि जिन जिन देशों में महिलायें अपने बारे में कोई भी निर्णय लेने के लिये स्वतंत्र हैं वही देश व समाज तरक़्की भी कर रहा है। और जहां जहां अतिवादी व रूढ़िवादी पुरुष समाज महिलाओं पर अपना वर्चस्व बनाये हुये है वही देश व समाज लगभग सभी क्षेत्रों में पिछड़ा तो है ही,साथ साथ उन्हीं जगहों पर महिलाओं के साथ जुल्म,अत्याचार व बर्बरता की खबरें भी अधिक सुनाई देती हैं। लिहाजा यदि देश व समाज को आधुनिक समयानुसार आगे ले जाना है तो पुरुषों को स्वयं पर नियंत्रण रखना होगा अपनी विकृत सोच बदलनी होगी। साथ ही विश्व की 'आधी आबादी ' को भी कुछ अपने व अपने भविष्य के लिये तय करने का अवसर देना ही होगा।

# श्री चन्द्रप्रभ भगवान का ज्ञान/मोक्ष कल्याणक

इस मध्यलोक के पुष्कर द्वीप में पूर्व मेरू के पश्चिम की ओर विदेह क्षेत्र में सीतोदा नदी के उत्तर तट पर एक 'सुगन्धि' नाम का देश है। उस देश के मध्य में श्रीपुर नाम का नगर है। उसमें इन्द्र के समान कांति का धारक श्रीषेण राजा राज्य करता था। उसकी पत्नी धर्मपरायणा श्रीकांता नाम की रानी थी। दम्पत्ति पुत्र रहित थे अतः पुरोहित के उपदेश से पंच वर्ण के अमूल्य रत्नों से जिन प्रतिमाएँ बनवाईं, आठ प्रातिहार्य आदि से विभूषित इन प्रतिमाओं की विधिवत प्रतिष्ठा करवाई, पुनः उनके गंधोदक से अपने आपको और रानी को पवित्र किया और आष्टान्हिका महापूजा विधि की। कुछ दिन पश्चात रानी ने उत्तम स्वप्नपूर्वक गर्भधारण किया पुनः नव मास के बाद पुत्र को जन्म दिया। बहुत विशेष उत्सव के साथ उसका नाम श्रीवर्मा' रखा गया। किसी समय श्रीपद्म' जिनराज से धर्मोपदेश को ग्रहण कर राजा श्रीषेण पुत्र को राज्य देकर दीक्षित हो गया। एक समय राजा श्रीवर्मा भी आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन जिनपूजा महोत्सव करके अपने परिवारजनों के साथ महल की छत पर बैठा था कि आकस्मिक उल्कापात देखकर विरक्त होकर श्रीप्रभ जिनेन्द्र के समीप दीक्षा लेकर श्रीप्रभ पर्वत पर सन्यास मरण करके प्रथम स्वर्ग में श्रीप्रभ विमान में श्रीधर नाम का देव हो गया। धातकीखंड द्वीप की पूर्व दिशा में जो इष्वाकार पर्वत है उसके दक्षिण की ओर भरतक्षेत्र में एक पूर्व धातकीखंड द्वीप में सीता नदी के दाहिने तट पर एक मंगलावती नाम का देश है। इसके रत्नसंचय नगर में कनकप्रभ राजा राज्य करते थे, उनकी कनकमाला रानी थी। वह अच्युतेन्द्र वहाँ से आकर इन दोनों के पद्मनाभ नाम का पुण्यशाली पुत्र हुआ। किसी समय पद्मनाभ राजा श्रीधर मुनि के समीप धर्मोपदेश श्रवण कर दीक्षित हो गये, सोलहकारण भावनाओं का चिन्तवन कर ग्यारह अंग में पारंगत होकर सिंहनिःक्रीडित आदि कठिन-कठिन तप करने लगे। तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध करके आयु के अन्त में विधिवत मरण करके वैजयन्त विमान में अहमिन्द्र हो गये। इनके श्रीवर्मा, श्रीधरदेव, अजितसेन चक्रवर्ती, अच्युतेन्द्र, पद्मनाभ, अहमिन्द्र, चन्द्रप्रभ भगवान ये सात भव प्रसिद्ध हैं।

**गर्भ और जन्म**

जब इनकी छह माह की आयु बाकी रह गई, तब जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में चन्द्रपुर नगर के महासेन राजा की लक्ष्मणा महादेवी के यहाँ रत्नों की वर्षा होने लगी। चैत्र कृष्ण पंचमी के दिन गर्भकल्याणक महोत्सव हुआ एवं पौष कृष्ण एकादशी के दिन भगवान चन्द्रप्रभ का जन्म हुआ।

**तप**

किसी समय दर्पण में अपना मुख देख रहे थे कि भोगों से विरक्त होकर देवों द्वारा लाई गई ह्यविमला' नाम की पालकी पर बैठकर सर्वर्तुक वन में गये। वहाँ पौष कृष्ण एकादशी के दिन हजार राजाओं के साथ दीक्षा ले ली। पारणा के दिन नलिन नामक नगर में सोमदत्त के यहाँ आहार हुआ था।

**केवलज्ञान और मोक्ष**

तीन माह का छद्मस्थ काल व्यतीत कर भगवान दीक्षावन में नागवृक्ष के नीचे फाल्गुन कृष्ण सप्तमी के दिन केवलज्ञान को प्राप्त हो गये। ये चन्द्रप्रभ भगवान समस्त आर्य देशों में विहार कर धर्म की प्रवृत्ति करते हुए सम्मेदशिखर पर पहुँचे। एक माह तक प्रतिमायोग से स्थित होकर फाल्गुन शुक्ला सप्तमी के दिन ज्येष्ठा नक्षत्र में सायंकाल के समय शुक्लध्यान के द्वारा सर्वकर्म को नष्ट कर सिद्धपद को प्राप्त हो गये।

अन्य नाम चन्दा प्रभु,पिछले भगवान सुपार्श्वनाथ,अगले भगवान पुष्पदन्तनाथ चिन्ह चन्द्रमा

पिता महाराजा महासेन माता महारानी लक्ष्मणा वंश इक्ष्वाकु वर्ण क्षत्रिय अवगाहना 150 धनुष (छह सौ हाथ) देहवर्ण कुंदपुष्प सम श्वेत आयु 1,000,000 पूर्व वर्ष वृक्ष सर्वर्तुकवन एवं नागवृक्ष

प्रथम आहार नलिन नगर के राजा सोमदत्त द्वारा (खीर)

**पंचकल्याणक तिथियां**

गर्भ चैत्र कृ. ५ जन्म पौष कृ. ११ चन्द्रपुरी (जिला-बनारस) उत्तर प्रदेश दीक्षा पौष कृ. ११

केवलज्ञान फाल्गुन कृ.७ मोक्ष फाल्गुन शुक्ला ७ सम्मेद शिखर

**समवशरण**

गणधर श्री श्रीदत्त आदि ९३ ,मुनि ढाई लाख गणिनीआर्यिका, वरुणा आर्यिका तीन लाख अस्सी हजार श्रावक तीन लाख श्राविका पांच लाख यक्ष विजयदेव यक्षी ज्वालामालिनी देवी

फाल्गुन वदी सप्तमी के दिन, चार घातिया घात महान।

समवशरण रचना हरि कीनी, ता दिन पायो केवलज्ञान।।

साढे. आठ योजन परमित था, समवशरण श्रीजिन भगवान।

ऐसे श्री जिन चन्द्रप्रभु को, अर्घचढ़ाय करूँ नित ध्यान।।

ॐ ह्रीं फाल्गुन कृष्ण सप्तम्यां केवलज्ञान मंगल मंडिताय श्री चन्द्रप्रभु जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

शुक्ला फाल्गुन सप्तमी के दिन, ललितकूट शुभ उत्तम थान।

श्रीजिन चन्द्रप्रभु जगनामी, पायो आतम शिव कल्याण।।

वसु कर्म जिनचन्द्र ने जीते पहुँचे स्वामी मोक्ष मंझार।

निर्वाण महोत्सव कियो इन्द्र ने देव करें सब जयजयकार।।

ॐ ह्रीं फाल्गुन शुक्ला सप्तम्यां मोक्ष मंगल मंडिताय श्री चन्द्रप्रभु जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

# चाइनीज भेल में लगाएं देसी तड़का, नोट करें ये टेस्टी तरीका



तीखा चटपटा खाने के शौकीन लोगों को चाइनीज स्ट्रीट फूड रेसिपी बेहद आती हैं। ऐसी ही एक रेसिपी है चाइनीज भेल। चाइनीज भेल समय बचाने के साथ-साथ स्वाद में भी लाजवाब होती है। तो चलिए इस रेसिपी में देसी तड़का लगाते हुए आपको बताते हैं कैसे बनाई जाती है यह चाइनीज स्ट्रीट फूड रेसिपी।

चाइनीज भेल बनाने के लिए सामग्री-

-1 पैकेट नूडल्स
-1 टेबल स्पून बारीक कटा लहसुन
-1 मध्यम प्याज लंबा कटा
-ळ कप हरा कटा प्याज
-ळ कप पतली लम्बी कटी शिमला मिर्च
-ळ कप पतली लम्बी कटी गाजर
-ळ कप पतली लम्बी कटी पत्ता गोभी
-5 बड़े चम्मच तेल
-2 टेबल स्पून शैज्वान सॉस
-2 टेबल स्पून टोमेटो सॉस
-नमक स्वादानुसार

चाइनीज भेल बनाने की विधि-

चाइनीज भेल बनाने के लिए सबसे पहले एक गहरे बर्तन में पानी उबालने के लिए रख दें। पानी में थोडा सा नमक और कुछ बूंदे तेल की डालें। पानी जब उबलने लगे, तब गैस बंद करके उसमे नूडल्स डाल दें। 7-8 मिनट के लिए बर्तन को ढक दें। अब नूडल्स को एक छन्नी में निकाल लें। और उपर से ठंडा पानी डालें जिससे ये चिपके नहीं।

इसके बाद एक कढ़ाई में तेल गर्म करें,नूडल्स जब अच्छे से ठंडी हो जाए। तब गर्म तेल में हाथ से फैलाते हुए नूडल्स डालें और उन्हें कुरकुरा होने तक सेंकें। इन नूडल्स को एक पेपर में निकाल लें, जिससे एक्स्ट्रा तेल निकल जाये अब इन नूडल्स को आप एयर टाइट डिब्बे में बंद करके रखे और जब भी चाइनीज भेल बनाना चाहें, इन्हें उपयोग करें। नूडल्स आप कभी भी फ्राई करके रख सकती है, जिससे चाइनीज भेल बनाते समय आपके समय की बचत होगी और वह झटपट बन जाएगी।

चाइनीज भेल बनाने के लिए अब एक पैन में 1 चमच तेल गर्म करें, तेल अच्छा गर्म होने पर तेज आंच पर ही लहसुन डालें। ० मिनट लहसुन तेज आंच पर पकाने के बाद इसमें प्याज डालें, उसे भी तेज आंच पर 1 मिनट हिलाते हुए पकाएं। प्याज के बाद इसमें शिमला मिर्च , गाजर, पत्ता गोभी मिलाएं। इन्हें भी तेज आंच पर जल्दी जल्दी हिलाएं और 1 मिनट तक पकाएं। अब इसमें हरी प्याज का हरा हिस्सा, नमक, शैज्वान सॉस और टोमेटो सॉस मिलाएं। ० मिनट पकाने के बाद गैस बंद कर दें।पैन से मिक्सचर को एक बाउल में निकालें और इसमें फ्राई नूडल्स डालें। इसे अच्छी तरह से मिक्स कर लें, जिससे सब्जियां और नूडल्स मिक्स हो जाएं। प्लेट में ऊपर से हरे प्याज के पत्ते से सजाकर सर्व करें।

# चेहरे की झुर्रियों के दुश्मन हैं ये योगासन, जानें किस तरह करने से आएगा चेहरे पर निखार



खूबसूरत निखरी त्वचा पाने के लिए महिलाएं क्या कुछ नहीं करती हैं। महंगे पार्लर से लेकर क्रीम तक ट्राई करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। ऐसे में अगर आपको 5 ऐसे उपायों के बारे में पता चले जिन्हें रोजाना करने से आपको पार्लर जैसा निखार और रिंकल फ्री स्किन घर बैठे ही मिल जाए तो ? जी हां और ये उपाय हैं ये 5 योगासन जो चेहरे की मसल?स को टोन करके आपके चेहरे को प्राकृतिक चमक देने में आपकी मदद करेंगे। आइए जानते हैं इनके बारे में।

**हस्त उत्तानासन-**

हस्त उत्तानासन करने के लिए सबसे पहले अपनी चटाई पर सीधे खड़े होकर सांस छोड़ें। अब एक श्वास के साथ धीरे-धीरे अपने हाथों को उठाएं और पीछे की ओर झुकना शुरू करें। कुछ देर इसी मुद्रा में रहें।अब सांस छोड़ते हुए इस आसन से बाहर आएं। ध्यान रखें हाई ब?लड प्रेशर के रोगियों को इस आसन को करने से बचना चाहिए।

**पदानुष्ठान आसन-**

पदानुष्ठान आसन करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े होकर श्वास लें। अब अपने दोनों हाथों को ऊपर उठाकर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए नीचे की ओर झुकें और अपने पैरों के अंगूठे को पकड़ने की कोशिश करें। कुछ देर इसी मुद्रा में रुकें और श्वास लेते हुए धीरे-धीरे ऊपर आएं। अगर शरीर ज्यादा न झुक पा रहा हो तो उस सीमा तक जाएं, जिसमें आप सहज महसूस करते रहे हो। अब धीरे-धीरे खुद को फर्श को छूने की मुद्रा में लाते हुए अपनी पैर की अंगुली पकड़ें।

**शलभासन-**

शलभासन करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेटकर अपने पैरों और हाथों को फैलाएं। अब श्वास लेते हुए अपने हाथों और पैरों को उठाएं। इस बात को सुनिश्चित करें कि आप अपने घुटनों और कोहनी को मोड़ नहीं। कुछ समय के लिए इसी मुद्रा में रहें। ऐसा करते समय आप अपने चेहरे पर खून का प्रेशर अनुभव करेंगे। इस योगासन की मदद से दिमाग और चेहरे की तरफ खून का संचार अच्छा होता है।

**अधोमुखश्वानासन-**

अधोमुखश्वानासन करने के लिए सबसे पहले नीचे की ओर स्वान की तरह झुके।

इसे करने के लिए वज्रासन की तरह चटाई पर बैठें। अपने हाथों को इस तरह सामने रखें कि आपकी पीठ फर्श के समानांतर हो।अब अपने पेल्विक एरिया को ऐसे छोड़ें और उठाएं कि आप एक पहाड़ी का आकार बना सकें। कुछ देर इसी मुद्रा में रहे जब तक आप अपने चेहरे पर खून का प्रेशर महसूस नहीं करते हैं। इस मुद्रा से बाहर आने के लिए अपने घुटनों को मोड़कर वज्रासन में आकर सांस लें और सांस छोड़ें।

**धनुरासन-**

धनुरासन करने के लिए सबसे पहले अपने पेट के बल लेटकर अपने पैरों को ऐसे मोड़ें कि आप अपनी एड़ियों को पकड़ सकें। अब पेट पर आने वाले दबाव के साथ अपने शरीर के ऊपरी और निचले हिस्से को अंदर की ओर उठाएं। ऐसा करते समय अपनी सांस को रोकते हुए कुछ देर इसी मुद्रा में रहें। सांस छोड़ें और इस मुद्रा को जारी रखें।

# सरसों के तेल में मिलाकर लगाएं ये खास चीज, बालों पर होगा जादुई असर



आपके पतले और बेजान बाल हर पार्टी या उत्सव में आपके लिए शर्मिंदगी का कारण बन जाते हैं तो आपको परेशान होने की नहीं बल्कि बालों की सही देखभाल करने की जरूरत है। बालों की अच्छी देखभाल के लिए जरूरी नहीं कि आप पार्लर में जाकर महंगे पैकेज लें आप घर पर रहकर भी कुछ हर्बल तरीके अपनाकर आपने बालों की पुरानी चमक लौटा सकती हैं। ऐसा ही एक हर्बल तरीका है सरसों का हर्बल ऑयल। आइए जानते हैं क्या है इसे बनाने और बालों में लगाने का सही तरीका।

सरसों का हर्बल ऑयल बनाने के लिए सामग्री-

-1 लीटर सरसों का तेल
-1 छोटा कप मेथी दाना

हर्बल ऑयल के फायदे-

सरसों के तेल से बालों को विटमिन्स और आयरन प्राप्त होता है। वहीं, मेथी के बीज में प्रोटीन, फॉस्फोरस और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स पाया जाता है। ये दोनों ही चीजें बालों को पोषण देकर उन्हें रिपेयर करने में भी मदद करती हैं। प्रोटीन बालों की जड़ों को मजबूती देकर उनमें चमक बढ़ाता है। जबकि मेथी में मौजूद निकोटिनिक एसिड स्कैल्प की क्लीनिंग और मॉइश्चराइजेशन में मदद करती है।

सरसों का हर्बल ऑयल बनाने का तरीका-

सरसों का हर्बल ऑयल बनाने के लिए सबसे पहले रात को सोने से पहले एक बर्तन में सरसों का तेल निकालें और इसमें मेथी दाना डालकर रातभर के लिए रख दें। अगले दिन 5 से 7 मिनट के लिए इस तेल को धीमी आंच पर पकाएं। जब मेथी के बीज काले होने लगें तो आंच बंद करके तेल को ठंडा होने के लिए अलग रख दें। इसके बाद इस तेल को छानकर किसी कंटेनर में भरकर स्टोर कर लें। यह मैजिकल मसटड हर्बल ऑयल गिरते बाल, ड्रेंडफ और गंजेपन जैसी कई समस्याओं से बचाने का सबसे सस्ता और प्रभावी हर्बल उपाय है।

हर्बल ऑयल का ऐसे करें इस्तेमाल-

रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में इस तेल से मालिश करके अपने बाल बांध लें। इसके बाद सुबह अपने बालों को शैंपू कर लें। अच्छे नतीजे के लिए शुरू में सप्ताह में 3 बार इस तेल का उपयोग करें। इस तेल का नियमित इस्तेमाल आपके बालों को मजबूत बनाकर जल्द ही घना कर देगा।

# केले और नारियल की मदद से यूं तैयार करें इडली

**केले** की इडली बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने के लिए आप इडली बैटर में गुड़ पाउडर, नमक इलायची पाउडर और केला डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। इसके बाद आप इडली बनाने का सांचा लें और मक्खन के साथ एक इडली ट्रे को चिकना करें, कुछ बैटर को सांचों में डालें।



आमतौर पर घरों में इडली चावल की मदद से तैयार की जाती है। इडली को सिर्फ दक्षिण भारत में ही नहीं, बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों में लोग नाश्ते से लेकर डिनर तक में खाना पसंद करते हैं। यह बेहद ही लाइटवेट डिश है और इसमें कैलोरी भी काफी कम होती है। चूंकि इसे स्टीम करके पकाया जाता है, इसलिए हेल्थ कॉन्शियस लोग भी इसे खा सकते हैं। आपने भी इडली का स्वाद कई बार चखा होगा। लेकिन क्या आपने कभी केले की इडली खाई है। शायद नहीं। अगर आप साउथ इंडियन रेसिपी इडली को एक ट्विस्ट के साथ बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप केले की इडली बना सकती हैं। इस इडली को नारियल के दूध व गुड़ के साथ बनने वाली सॉस के साथ सर्व किया जाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको केले की इडली और उसके साथ सर्व की जाने वाली कोकोनट सॉस की रेसिपी शेयर कर रहे हैं-

सामग्री-

केले की इडली के लिए:
1 कप इडली बैटर
4 बड़े चम्मच गुड़ पाउडर
नमक
एक चुटकी इलायची पाउडर
1/2 पका हुआ केला, कटा हुआ


कोकोनट सॉस के लिए:
1 कप नारियल का दूध
2 टेबलस्पून गुड़ पाउडर

विधि-

केले की इडली बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने के लिए आप इडली बैटर में गुड़ पाउडर, नमक इलायची पाउडर और केला डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। इसके बाद आप इडली बनाने का सांचा लें और मक्खन के साथ एक इडली ट्रे को चिकना करें, कुछ बैटर को सांचों में डालें। अब आप इडली के बर्तन में पानी डालकर उसे गर्म करें और बैटर के सांचों वाले स्टैंड को उसमें रखकर बंद करके स्टीम करें। इसे स्टीम होने में करीबन दस से पन्द्रह मिनट का समय लग सकता है। आप चाकू की मदद से इसे चेक कर सकते हैं।

# बैचलर पार्टी के लिए खुद को इस तरह करें रेडी

**फैशन एक्सपर्ट के अनुसार, अपनी बैचलर पार्टी को रॉकिंग बनाने और उसमें अपने स्टाइल का जलवा बिखेरने के लिए आप अपने लुक में एक एक्स फैक्टर एड कर सकती हैं। अगर आपका कलर कोड या डेस कोड सेम नहीं है तो भी आप अपनी एसेसरीज को एक जैसा रखने की कोशिश करें। मसलन, आप किसी खास तरह के हेडबैंड या कैप्स आदि को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आप सभी फ्रेंड्स अलग-अलग दिखकर भी एक जैसी ही नजर आएंगी। यह देखने में काफी कूल लगेगा।**



वो जमाने लद गए, जब केवल पुरूष ही शादी से पहले बैचलर पार्टी किया करते थे। आज के दौर में लड़कियां भी बैचलर पार्टी करना पसंद करती हैं। जिसमें वह अपनी फ्रेंड्स के साथ मिलकर आखिरी बार अपने बैचलर हुड को एन्जॉय करती हैं। वैसे शादी से पहले की जाने वाली यह बैचलर पार्टी लड़कियों के लिए बेहद खास होती है और इसलिए वह इसकी काफी सारी तैयारियां भी करती हैं। इन सभी तैयारियों के बीच एक तैयारी यह भी होती है कि बैचलर पार्टी के लिए खुद को किस तरह रेडी किया जाए। तो चलिए आज हम आपको बैचलर पार्टी के लिए खुद को स्टाइल करने के कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

रखें थीम पार्टी

फैशन एक्सपर्ट बताते हैं कि यह एक आसान तरीका है बैचलर पार्टी में खुद को तैयार करने का। इन दिनों बैचलर पार्टी में थीम पार्टी काफी चलन में हैं। मसलन, गर्ल्स की पजामा पार्टी आदि। ऐसे में पार्टी में शामिल होने वाली सभी लड़कियां नाइट सूट में नजर आ सकती हैं। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो कोई कलर कोड या डेस कोड को भी अपनी पार्टी का हिस्सा बना सकती हैं। इससे सिर्फ आपको ही रेडी होने में आसानी नहीं होगी, बल्कि हर गेस्ट खुद को आसानी से स्टाइल कर पाएगा। साथ ही इसमें आप सभी को काफी मजा भी आएगा।

कंफर्ट को दें प्राथमिकता

फैशन एक्सपर्ट के अनुसार, बैचलर पार्टी वास्तव में ढेर सारी मौज-मस्ती करने के लिए होती है। इसलिए ऐसे में आप चाहे जो भी पहनें, लेकिन आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि उसमें आप खुद को कंफर्टेबल महसूस कर पाएं ताकि आप खुलकर एन्जॉय कर सके। जरा सोचिए कि अगर आपने बैचलर पार्टी के लिए हैवी लॉन्ग गाउन कैरी किया तो फिर आप पार्टी में खेले जाने वाले गेम्स को किस तरह एन्जॉय करेंगी। इसलिए आपका आउटफिट लाइटवेट और कंफर्टेबल होना चाहिए।

इसे भी पढ़ें: हर ब्राइड पर बेहद खूबसूरत लगते हैं लहंगे के यह स्टाइल

एड करें एक्स फैक्टर

फैशन एक्सपर्ट के अनुसार, अपनी बैचलर पार्टी को रॉकिंग बनाने और उसमें अपने स्टाइल का जलवा बिखेरने के लिए आप अपने लुक में एक एक्स फैक्टर एड कर सकती हैं। अगर आपका कलर कोड या डेस कोड सेम नहीं है तो भी आप अपनी एसेसरीज को एक जैसा रखने की कोशिश करें। मसलन, आप किसी खास तरह के हेडबैंड या कैप्स आदि को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आप सभी फ्रेंड्स अलग-अलग दिखकर भी एक जैसी ही नजर आएंगी। यह देखने में काफी कूल लगेगा।

## राइट स्किन के लिए इस तरह चेहरे पर लगाएं शहद और केसर

स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, इस मास्क को बनाने के लिए आप आधा छोटा चम्मच केसर लें और एक बाउल में केसर के साथ एक चम्मच शहद मिक्स करें। जब यह अच्छी तरह मिक्स हो जाए तो पहले अपने फेस को अच्छी तरह साफ करें।हर महिला की इच्छा होती है कि उसकी स्किन लाइटन, ब्राइटन और ग्लोइंग नजर आए। आमतौर पर महिलाएं अपनी नेचुरल ब्यूटी को बढ़ाने के लिए बाजार में मिलने वाली तरह-तरह की क्रीम का सहारा लेती हैं। जहां एक ओर मार्केट में मिलने वाले यह ब्यूटी प्रॉडक्ट आपकी जेब धीरे-धीरे खाली कर देते हैं, वहीं दूसरी ओर कभी-कभी इनके विपरीत परिणाम भी देखने को मिलते हैं। ऐसे में अगर आप चाहें तो घर पर ही ब्राइट स्किन पाने के लिए शहद और केसर से बनने वाले फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## अजय ने कैथी के हिन्दी रीमेक की शूटिंग शुरू की



**मुंबई (वार्ता)।** बालीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन ने तमिल सुपरहिट फिल्म कैथी के हिन्दी रीमेक की शूटिंग शुरू कर दी है। अजय देवगन की मुख्य भूमिका वाली कैथी के हिन्दी रिमेक की शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म में अजय के साथ तब्बू भी नजर आएंगी। कैथी के हिन्दी रिमेक का नाम भोला है। इस बात की जानकारी तब्बू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक पूर्व अपराधी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो जेल से अपनी सजा पूरी करने के बाद पहली बार अपनी बेटी से मिलने जाता है। यह फिल्म ड्रग माफियाओं के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही पर आधारित है। मूल फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है। वही कैथी के हिन्दी रीमेक का निर्देशन धर्मेद्र शर्मा करे रहे हैं।

## साथ नजर आएंगे अनिल कपूर और हर्षवर्धन कपूर

**मुंबई (भाषा) ।** ओवर द टाप (ओटीटी) मंच 'नेटफ्लिक्स' ने सोमवार को घोषणा की कि उसकी नई फिल्म 'थार' में बालीवुड अभिनेता अनिल कपूर और उनके बेटे एवं अभिनेता हर्षवर्धन कपूर नजर आएंगे। राज सिंह चौधरी इस थ्रिलर फिल्म के साथ निर्देशन की दुनिया में कदम रखेंगे और इसका निर्माण 'अनिल कपूर फिल्म कम्पनी' (एकेएफसी) के बैनर तले किया जाएगा। 'थार' अस्सी के दशक की एक कहानी है, जो सिद्धार्थ नाम के शख्स पर केन्द्रित है। सिद्धार्थ की भूमिका हर्षवर्धन निभाएंगे। आधिकारिक बयान में कहा गया, नौकरी के लिए पुष्कर जाने के बाद, सिद्धार्थ अतीत में हुई एक घटना का बदला लेने की तैयारी शुरू करते हैं। क्या वह सफल होते हैं या पुष्कर उनके जीवन में कोई नया बदलाव लाता है? फिल्म 'एके वर्सेज एके' के बाद अनिल और हर्षवर्धन दूसरी बार एक साथ काम कर रहे हैं। फिल्म 'थार' में फातिमा सना शेख और सतीश कौशिक भी नजर आएंगे।



## सेहत का खजाना मिट्टी के बर्तन

आमतौर पर घरों में एल्युमीनियम, स्टील या नानिस्टक बर्तनों का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन स्वास्थ्य के लिहाज से मिट्टी के बर्तनों में पकाया और खाया जाने वाला भोजन स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत फायदेमंद होता है। पुराने समय में घरों में लोग भोजन पकाने और परोसने के लिए मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करते थे। लेकिन आगे चलकर वह परंपरा बस दही की हांडी और मटकों तक ही सीमित रह गई, लेकिन अब यह ट्रेंड फिर से दिखाई दे रहा है। स्वास्थ्य का ध्यान रखने वाले लोगों का रुझान अब मिट्टी के बने बर्तनों की ओर बढ़ रहा है। जब हम मिट्टी के बर्तन में पकाया हुआ खाना खाते हैं तो हमारे शरीर को रोजाना 18 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे जिंक, मैग्नीशियम,कैल्शियम, मैग्नीशियम, सल्फर,सिलिकान, कोबाल्ट, आयरन प्रर्याप्त मात्रा में हमारे शरीर को मिलते हैं।

### शोध और अध्ययन

दुनियाभर में मिट्टी के बर्तन में खाना बनाने को लेकर हुए शोध और अध्ययन इस बात की जानकारी देते हैं कि अन्य बर्तनों की तुलना में मिट्टी के बर्तन में भोजन पकाने के तमाम फायदे हैं हालांकि आज के समय में मिट्टी के बर्तन का इस्तेमाल उतना नहीं किया जाता है लेकिन फिर भी आप तमाम जगहों पर मिट्टी के बर्तन में बने चावल, मिट्टी के बर्तन में उबाले गए दूध या फिर तंदूरी चाय का सेवन कर सकते हैं।

- मिट्टी के बने बर्तनों में कम तेल का इस्तेमाल होता है जो खाने को स्वास्थ्यवर्धक बनाता है
- मिट्टी के बने बर्तनों में खाना पकाने से पौष्टिकता के साथ भोजन का स्वाद भी बढ़ जाता है
- अपच और गैस की समस्या में मिलती है राहत
- कब्ज की समस्या होती है दूर
- भोजन में मौजूद पोषक तत्व नहीं होते है नष्ट
- भोजन का पीएच वैल्यू मेंटेन रहता है, इससे कई बीमारियों से बचाव होता है

### बेहतरीन खूशबू और स्वाद

भारत में खाना बनाने के लिए तमाम तरह के मसालों और तेल का इस्तेमाल किया जाता है। इन सब का इस्तेमाल भोजन को अधिक स्वादिष्ट और फ्लेवर युक्त बनाने के लिए किया जाता है। मिट्टी के बर्तन में बने भोजन में ये स्वाद और सुगंध बरकरार रहती है। चूंकि मिट्टी के बर्तनों में भोजन बनाने से इसका पीएच लेवल संतुलित रहता है। इसलिए इसमें बना खाना न सिर्फ हेल्दी होता है बल्कि इसकी सुगंध भी इसे बेहतर बनाती है। मिट्टी के बर्तन में बने भोजन में खिनज और पोषक तत्व भी नष्ट नहीं होते हैं। क्योंकि मिट्टी के बरतनों में नमी और हीट बरकरार रहती है इसलिए खाना सही तरीके से पकता है। साथ ही इसमें मिट्टी का स्वाद और सुगंध मिलती है तो यह खाने के फ्लेवर को और बेहतर कर देती है।

### केमिकल फ्री

मिट्टी के बर्तनों को साफ करने के लिए किसी कैमिकल युक्त बार या लिक्विड का प्रयोग नहीं किया जाता है इसलिए ये सेहत के हिसाब से अच्छे होते हैं। आप इन बर्तनों को केवल गरम पानी से धो सकते हैं। चिकनाई वाले बर्तनों में ज्यादा से ज्यादा आप पानी में नीबू निचोड़ कर डाल दें तो बर्तन बिल्कुल साफ हो जाते हैं। अगर रगड़कर साफ करना चाहते हैं तो नारियल के जूट से बर्तन साफ कर लें।

- आजकल तंदूरी चाय, हांडी बिरयानी, हांडी चिकन, मटन का क्रेज काफी देखा जा रहा है।
- धातु के बर्तनों में भोजन बनाने से महत्वपूर्ण पोष्टिक तत्व नष्ट हो जाते हैं। खासकर चावल और मांसाहारी चीजों को पकाने के लिए मिट्टी के बर्तन सबसे बेहतर माने जाते हैं।
- इस समय मिट्टी के बर्तन दो तरह से बन रहे हैं। पहला तो परंपरागत चाक पर कुम्हार बनाते हैं। दूसरा मिट्टी के बर्तन अब फैक्ट्री में खांचे द्वारा भी बनाए जा रहे हैं।
- ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी कुछ चीजों को पकाने के लिए मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल किया जाता है।

### डाक्टर की सलाह

एनडीएमसी के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अनिल बसंल ने बताया कि मिट्टी के बर्तन के स्वास्थ्य लाभ पर प्रर्याप्त शोध होना अभी बाकी है। बर्तन जो भी आप खाना बनाने के लिए इस्तेमाल करें हो वो पूरी तरह से साफ होना चाहिए, नहीं तो इससे आपको इंफेक्शन हो सकता है। अगर आप मिट्टी के बर्तन उपयोग में ला रहे हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि वो कैमिकल रंगों से मुक्त हो।

आयुर्वेदिक डाक्टर आर. पी. पराशर ने बताया कि मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाकर खाया जाए तो यह स्वास्थ्य की दृष्टि काफी फायदेमंद होता है। इन बर्तनों में पके भोजन में सभी पौष्टिक तत्व बरकरार रहते हैं। मिट्टी के बर्तन, खाने के सभी टॉक्सिन को सोख लेते हैं। यह बर्तन खाने से होने वाली एलर्जी में भी आराम पहुंचाते हैं।

■ प्रभा किरण

## पचास के बाद हफ्ते में तीन बार कसरत से स्मृति रहेगी बरकरार



■ **न्यूयार्क (आईएएनएस)।** बढ़ती उम्र का असर ना केवल हमारी शारीरिक क्षमता पर पड़ता है बल्कि इसे चीजों को याद रखने की क्षमता भी प्रभावित होती है जिसे रोकने में कसरत काफी हद तक मददगार है। उम्रदराज लोगों को भूलने की आदत होने लगती है और इससे उनमें अल्जाईमर रोग अधिक प्रभावी होकर जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। एक नए शोध में सामने आया है कि पचास वर्ष और साठ वर्ष की आयु में हफ्ते में तीन बार कसरत करना जैसे साइकिल चलाना, तेजी से पैदल चलना और जागिंग करने से ना केवल हमारी मांसपेशियां मजबूत होती हैं बल्कि यह हमारे मस्तिष्क की कोशिकाओं के लिए भी फायदेमंद है। इससे चीजों को याद रखने की हमारी क्षमता बरकरार रहती है।

पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय में केनेथ पी. डिट्रिच स्कूल आफ आर्ट्स एंड साइंसेज में डाक्टरेट की छात्रा सारा अगहजयन ने कहा, हर कोई हमेशा पूछता है मुझे कितना व्यायाम करना चाहिए? अपने आप में सुधार लाने में न्यूनतम कसरत कितनी करनी है? हमारे अध्ययन से ऐसा लगता है कि कम से कम चार महीने के लिए सप्ताह में लगभग तीन बार व्यायाम करने से आपकी ऐपिसोडिक मेमोरी में सुधार आ सकता है। यह हमारे मस्तिष्क की वह क्षमता है जो हमें अतीत में हुई घटनाओं की याद दिलाती है लेकिन बढ़ती उम्र के साथ सबसे पहले इसी क्षमता में कमी आती है।

उन्होंने बताया कि ऐसे व्यायाम जिनसे दिल की रक्त पंप करने की क्षमता में इजाफा होता है वे मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ाने में भी कारगर पाए गए हैं।

■ **एक नए शोध में सामने आया है कि पचास वर्ष और साठ वर्ष की आयु में हफ्ते में तीन बार कसरत करना जैसे साइकिल चलाना, तेजी से पैदल चलना और जागिंग करने से ना केवल हमारी मांसपेशियां मजबूत होती हैं बल्कि यह हमारे मस्तिष्क की कोशिकाओं के लिए भी फायदेमंद है**

इस बात को समझने के लिए शोध टीम ने 3,000 से अधिक प्रतिभागियों पर 36 से अधिक अध्ययन किए। उन्होंने कहा, हमने पाया कि 69 से 85 साल की उम्र के लोगों की तुलना में 55 से 68 साल की उम्र के लोगों की याददाश्त में अधिक सुधार हुआ है, इसलिए चीजों को बिगड़ने से पहले ही एहतियात बरती जानी जरूरी है। इस शोध के निष्कर्ष 'कम्युनिकेशंस मेडिसिन' जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। इस शोध से एक बात सामने आई है कि व्यायाम एक सहज तरीका है जिससे बढ़ती उम्र में स्मृति लोप को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा, आपको कुछ अधिक नहीं करना है और बस पैदल चलने के लिए जूतों की एक अच्छी जोड़ी चाहिए जिसे पहन कर आप बाहर निकल कर थोड़ी बहुत कसरत कर सकते हैं।

## दिशा पाटनी ने 'एक विलेन रिटर्न्स' की शूटिंग पूरी की



**मुंबई (वार्ता)।** बालीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आने वाली फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' की शूटिंग पूरी कर ली है। दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती है। दिशा पाटनी ने सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' की शूटिंग खत्म होने की जानकारी दी। दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ इंस्टा स्टोरी शेयर की हैं। स्टोरी में दिशा ने 'एक विलेन रिटर्न्स' के शूटिंग सेट से अपनी टीम के साथ दो ग्रुप फोटो साझा की। फोटो को शेयर करते हुए दिशा ने लिखा, इट्स ए रैप हैशटैग एक विलेन रिटर्न्स। गौरतलब है कि फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' में दिशा पाटनी के अलावा जान अब्राहम, अर्जुन कपूर और तारा सुतारिया अहम किरदारों में नजर आएंगी। फिल्म को मोहित सूरी निर्देशित कर रहे हैं। वही इस फिल्म को टी सीरीज और बालाजी टेलीफिल्म द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। 'एक विलेन रिटर्न्स' वर्ष 2014 में प्रदर्शित फिल्म एक विलेन फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म है।

## टाइगर ने 'हीरोपंती 2' की शूटिंग पूरी की

**मुंबई (वार्ता)।** बालीवुड अभिनेता टाइगर श्राफ ने अपनी आने वाली फिल्म हीरोपंती 2 के लास्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। टाइगर श्राफ ने फिल्म 'हीरोपंती 2' के लास्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। वह इसके लिए लंबे समय से अबू धाबी में शूट कर रहे थे। टाइगर श्राफ ने



सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इस बात की जानकारी दी। टाइगर श्राफ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी सेक्शन में एक शार्ट वीडियो शेयर किया है। वीडियो में टाइगर रेगिस्तान के बीच बने पूल में रिलैक्स करते नजर आ रहे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए टाइगर श्राफ ने लिखा, दिन भर की मेहनत के बाद रेगिस्तान के बीच ठंडा हो रहा हूं। हैशटैग हीरोपंती 2 लास्ट शेड्यूल। 'हीरोपंती 2'में टाइगर श्राफ के अलावा तारा सुतारिया और नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं। वही प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला अपने प्रोडक्शन हाउस नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के तहत कर रहे हैं। 'हीरोपंती 2' ईद के मौके 29 अप्रैल 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। यह फिल्म वर्ष 2014 में प्रदर्शित 'हीरोपंती' फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म है।

## असरदार किरदार निभाना चाहता हूं : बॉबी देओल



**मुंबई (भाषा)।** बालीवुड अभिनेता बॉबी देओल ने कहा कि वह अलग तरह के असरदार किरदार निभाने के लिए प्रयासरत हैं। वह अपनी आगामी फिल्म 'लव हास्टल' में खलनायक की भूमिका में दिखेंगे। 'लव हास्टल' अपराध आधारित थ्रिलर फिल्म है जो उत्तर-भारत के ग्रामीण परिवेश पर केंद्रित है। इसके पटकथा लेखन और निर्देशन का काम शंकर रमन ने किया है। शंकर रमन इसके पहले पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'गुड़गांव' का निर्देशन कर चुके हैं। 'लव हास्टल' में युवा-युगल (विक्रांत मैसी और सान्या मल्होत्रा) की उठा-पटक भरी यात्रा को दर्शाया गया है। 'लव हास्टल' का शुभारंभ 25 फरवरी को स्ट्रीमिंग सेवा जी-5 पर होगा। फिल्म में युगल को एक भाड़े के क्रूर बदमाश (देओल) द्वारा धमकाया जाता है। 'क्लास आफ 83' और आगामी फिल्म 'लव हास्टल' का उदाहरण देते हुए देओल ने कहा कि यह उनकी आनस्क्रीन छवि तोड़ने और विभिन्न भूमिकाओं की तलाश करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि वह खुद को मुख्य भूमिका निभाने तक सीमित नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा, जब मैंने 'क्लास आफ 83' की थी तो मेरी मुख्य भूमिका नहीं थी, मैं उन पात्रों में से एक था जो कहानी के लिए महत्वपूर्ण हैं। ठीक वैसा ही 'लव हास्टल' के साथ है। मैं इसमें एक किरदार निभा रहा हूं, मैं मुख्य भूमिका में नहीं हूं। उन्होंने कहा कि वह अपनी छवि को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। वह यह भी मानते हैं कि दर्शक इतने बदल गए हैं कि वे अब एक अभिनेता को विभिन्न भूमिकाओं, पात्रों के साथ स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। 53 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि वह दमदार और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना चाहते हैं, ताकि लोग उसकी कल्पना नहीं कर सकें जैसे कि वेब-शृंखला 'आश्रम' में उन्होंने एक स्वयंभू संत की भूमिका निभाई थी।

## प्रभास लाते हैं बिग बी के लिए लजीज भोजन

**हैदराबाद (आईएएनएस)।** 'बाहुबली' फेम प्रभास वर्तमान में भारतीय मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इस दौरान प्रभास, बिग बी की जमकर खातिरदारी कर रहे हैं। 'सरकार' फिल्म के अभिनेता, प्रभास की मेहमाननवाजी से खुश हैं। बिग बी ने एक ट्वीट किया, बाहुबली प्रभास, आपकी दरियादिली कमाल की है। आप मेरे लिए घर का



बना खाना लाते हैं, बहुत ही जायकेदार। आप मुझे इतना ढेर सारा खाना भेजते हैं, जिसे एक सेना को खिलाया जा सकता है। स्पेशल कुकीज भी। शानदार से परे और आपकी तारीफ के लिए शब्द भी नहीं। खैर, प्रभास ने जिन सितारों के साथ भी काम किया है, उनमें से ज्यादातर का उन्होंने गर्मजोशी से स्वागत किया है क्योंकि वह उन्हें अपने साथ क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद चखाते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें, तो प्रभास और अमिताभ बच्चन एक परियोजना के लिए साथ काम कर रहे हैं, जिसका शीर्षक 'प्रोजेक्ट के' है। 'महनती' फेम नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में दीपिका पादुकोण होंगी। इस भारी बजट की फिल्म की शूटिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है और सितारों ने पहले ही कुछ शेड्यूल पूरा कर लिया है।



## उम्मीद है कि यह साल सिनेमा में सबसे अच्छा होने वाला है : वाणी

**मुंबई (आईएएनएस)।** बालीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर उम्मीद कर रही हैं कि 2022 हिंदी सिनेमा में उनका सबसे अच्छा साल है। वह कहती है कि मैं उम्मीद कर रही हूं कि यह सिनेमा में मेरा सबसे अच्छा साल है। मुझे अभी भी 'चंडीगढ़ करे आशिकी' से प्यार मिल रहा है, जो एक ऐसी फिल्म है जो हमेशा मेरे लिए बेहद खास होगी। मैंने 'शमशेरा' में जो किया है, उसके लिए मैं लोगों से वही प्यार पाना चाहती हूं। करण मल्होत्रा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अपने प्रदर्शन के बारे में वाणी कहती हैं कि मैंने अपने आप को बड़े पैमाने पर पेश किया है और जब आप फिल्म देखेंगे तो आपको पता चल जाएगा कि मेरा क्या मतलब है। एक फिल्म के लिए खुद को इतना आगे बढ़ाना एक संतुष्टिदायक अनुभव रहा है। 'शमशेरा' 22 जुलाई को रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है। इस फिल्म में वह रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगी। वाणी को उम्मीद है कि यह साल उनके करियर का सबसे अच्छा साल साबित होगा। यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित 'शमशेरा' हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी।

## 'द कश्मीर फाइल्स' का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई (वार्ता)।** बालीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता अनुपम खेर की आने वाली फिल्म द कश्मीर फाइल्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अनुपम खेर की आने वाली फिल्म द कश्मीर फाइल्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस बात की जानकारी अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी है। उन्होंने लिखा, ये है द कश्मीर फाइल्स का हृदय विदारक ट्रेलर। अगर इसने आपको नहीं झकझोरा तो फिर इसके साथ ही उन्होंने टूटे हुए दिल की इमोजी शेयर की है। गौरतलब है कि फिल्म द कश्मीर फाइल्स 11 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में अनुपम खेर के अलावा मिथुन चक्रवर्ती, अतुल श्रीवास्तव, पल्लवी जोशी, दर्शन कुमार भी नजर आएंगे।

## कोरोना पाजिटिव हुए जस्टिन बीबर



**लास एंजिल्स (आईएएनएस)।** कनाडाई गायक जस्टिन बीबर कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं। गायक अपने जस्टिस वर्ल्ड टूर के दौरान रविवार शाम (यू.एस. पैसिफिक स्टैंडर्ड टाइम) लास वेगास में मंच पर आने के लिए तैयार थे, लेकिन कोविड -19 के प्रकोप के बाद कार्यक्रम कैंसिल हो गया। वैराइटी के अनुसार, कान्सर्ट को 28 जून की नई तारीख के साथ आगे बढ़ा दिया गया है। बयान में कहा गया है कि जस्टिन बेहद निराश हैं, लेकिन उनकी टीम और प्रशंसकों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमेशा उनकी नंबर एक प्राथमिकता है। सैन डिएगो में टूर लान्च एक बड़ी सफलता थी और जस्टिन इस शानदार शो को लास वेगास प्रशंसकों के लिए करना चाहते थे और उत्साहित थे। वह जल्द से जल्द वापस लौटेंगे।

## संजय ने 'अंखियां मिलाऊं' का खोला राज



**मुंबई (आईएएनएस)।** अभिनेता संजय कपूर दो दशक से अधिक समय के बाद आगामी नेटफ्लिक्स वेब शो 'द फेम गेम' में अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगे। उन्होंने अपनी फिल्म 'राजा' और प्रतिष्ठित नंबर 'अंखियां मिलाऊं' का एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। फिल्म 'राजा' अपने संगीत और 'अंखियां मिलाऊं' और 'नजरें मिली दिल धड़का' जैसे चार्टबस्टर्स के लिए बेहद लोकप्रिय है। माधुरी को भी 27 साल पहले एक बड़े रहस्य के बारे में पता चला। संजय ने कहा कि हमारी शूटिंग फिल्मिस्तान स्टूडियो में हो रही थी और हर दिन गाने की शूटिंग से पहले, मैं सुबह 6:30 बजे सत्यम हाल जाता था। अहमद खान मेरे साथ डांस की रिहर्सल करते थे। मैंने सरोज जी के साथ एक सौदा किया था कि मैं सुबह जो भी हिस्से का अभ्यास करूंगा, वे उसे उसी दिन शूट कर लेंगे ताकि मैं माधुरी के साथ डांस सही कर सकूं। 'द फेम गेम' एक बालीवुड स्टार के लापता होने का रहस्य पर आधारित है।

# मायावती को लेकर अमित शाह का बड़ा बयान खत्म नहीं हुई है बसपा मुस्लिम वोट भी मिलेंगे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जारी विधानसभा चुनाव के बीच सत्ताधारी भाजपा मायावती और उनकी पार्टी बसपा पर नरम रुख इख्तियार करती नजर आ रही है। दरअसल इस बार के चुनावों में कहा जा रहा है कि यूपी में मुख्य लड़ाई भाजपा और सपा के बीच है। ऐसे में चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकीं मायावती के बारे में कहा जा रहा है कि वे ज्यादा अक्रामक होकर चुनावी मैदान में नहीं उतरी हैं। हालांकि इसको लेकर अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि मायावती ने अपनी प्रासंगिकता नहीं खोई है। उनकी पार्टी को उत्तर प्रदेश में वोट मिलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जाटव वोट बस1पा के साथ रहा है। अमित शाह ने कहा बसपा ने अपनी प्रासंगिकता बनाए रखी है। मुझे विश्वास है कि उन्हें वोट मिलेगा। मुझे नहीं पता कि यह कितनी सीटों में तब्दील होगा लेकिन बसपा को वोट मिलेगा।" शाह ने कहा कि मायावती की जमीन पर अपनी पकड़ है। उन्होंने कहा जाटव वोटबैंक मायावती के साथ जाएगा। मुस्लिम वोट भी बड़ी मात्रा में मायावती के साथ जाएगा।" जब शाह से ये पूछा गया कि क्या इससे भाजपा को फायदा होगा तो उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि इससे भाजपा को फायदा होगा या नुकसान। यह उस सीट पर निर्भर करता है। लेकिन, यह सच नहीं है कि मायावती का रेलवेंस खत्म हो चुका है।' दावा किया जाता है कि इस बार के चुनाव में मायावती ने अपने आप को लो प्रोफाइल रखा है। इस पर शाह ने कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि उनका सपोर्ट बेस खत्म हो चुका है।



## बीजेपी प्रत्याशी का फिर विवादित बयान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हैं। प्रत्याशी एक दूसरे पर खूब हमलावर हैं। लेकिन कुछ प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो अपने विवादित बयान के लिए जाने जाते हैं। इनमें से एक हैं डोमरियागंज सीट से बीजेपी के वर्तमान विधायक और प्रत्याशी राघवेंद्र सिंह, जिनका एक विवादित बयान सामने आया है। इस विवादित बयान को वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बार उन्होंने कहा कि इस बार उन्होंने कहा कि जो हिंदू उन्हें छोड़कर किसी और को वोट देगा वो उनका डीएनए टेस्ट करवाएंगे कि उन्हें हिंदु का ही खून है या फिर मुसलमानों का भी खून है। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित हिंदु युवा वाहिनी के यूपी इंचार्ज राघवेंद्र सिंह ने इससे पहले भी ऐसा ही विवादित बयान था जिसको लेकर उनपर एफआईआर दर्ज हुई थी। बता दें कि 12वीं सदी के राजा का जिक्र करते हुए विधायक ने कहा, अगर हिंदू कहीं और जा रहा है, तो उसकी रगों में 'मियां' (मुसलमानों के लिए अपमानजनक संदर्भ) का खून बह रहा है। वह देशद्रोही और जयचंद की नाजायज औलाद है। जिसका नाम "देशद्रोही" का पर्याय बन गया है। राघवेंद्र सिंह यहीं नहीं रुके 'उन्होंने कहा- अगर इतना उत्पीड़न होने के बाद भी हिंदुओं ने कहीं और वोट दिया तो वो किसी को अपना मुंह नहीं दिखा पाएंगे'। भीड़ को संबोधित करते हुए राघवेंद्र सिंह ने कहा बताओ इस भीड़ में कितने जयचंद हैं।

# पत्नी का तंज, मेरी खरीदी कार मत चलाओ से आहत पति ने गाड़ी को ही फूंक डाला

भरतपुर। दाम्पत्य जीवन में पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक सामान्य सी बात है पर कभी-कभी ऐसा विवाद होता है जिससे संबंधों के साथ ही बड़ी आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। कुछ ऐसा ही भरतपुर में हुआ यहां पति को पत्नी का तंज इतना चुभ गया कि उसने आक्रोश में आकर कार को ही फूंक डाला। पति को उसकी पत्नी ने कार को लेकर ताना दे दिया। इससे गुस्साये पति ने पेट्रोल डालकर कार को फूंक डाला। इससे कार धधक उठी। उसके बाद इस सिरफिरे पति ने अपनी पत्नी को वीडियो कॉल पर लाइव घटना दिखाई। इस जलती हुई कार ने पास में खड़ी दूसरी कार को भी अपनी चपेट में ले लिया। लेकिन उस कार के मालिक ने आग बुझाकर उसे बचा लिया। घटना भरतपुर शहर के कोतवाली इलाके की है। मामला पुलिस तक पहुंच गया है। पुलिस इसकी पूरी पड़ताल में जुटी है।

जानकारी के अनुसार घटना शहर के कोतवाली थाना इलाके की नदियां मोहल्ला की है। वहां सोमवार को एक सिरफिरे युवक प्रवीण शर्मा ने अपनी ही कार पर पेट्रोल डालकर उसे आग लगा दी। घटना से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। कार को आग की लपटों में घिरा देखकर वहां आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। कार की आग की लपटें इतनी तेज थी कि उसने पास खड़ी दूसरी गाड़ी को भी अपनी चपेट में ले लिया। यह देखकर उसका मालिक अपनी जलती हुई गाड़ी को लेकर वहां से भागा और आगे ले जाकर उस आग को बुझाया। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति प्रवीण शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रवीण की पत्नी ने कोतवाली थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया है। अपनी रिपोर्ट में उसने बताया कि प्रवीण उसे आए दिन परेशान करता है। फिलहाल पुलिस प्रवीण से पूछताछ कर रही है। प्रवीण शर्मा की पत्नी के पिता ने बताया कि वह उसकी लड़की को आए दिन परेशान करता है। प्रवीण एक विद्यालय में बाबू का काम करता है। उनका कहना है कि जब से मेरी बेटी की शादी हुई है तभी से प्रवीण उसे परेशान करता है। गाड़ी को लेकर उन्होंने कहा कि कार के आधे पैसे उनकी बेटी ने दिए थे और आधे पैसे उन्होंने दिए थे। जब से कार ली थी तब से प्रवीण शर्मा ही उसे काम में ले रहा था। सोमवार को इसके लिये जब उसकी बेटी ने मना किया तो आवेश में आकर प्रवीण शर्मा ने कार को आग लगा दी। फिलहाल कोतवाली थाना पुलिस आरोपी प्रवीण शर्मा से पूछताछ कर रही है। यह घटना पूरे मोहल्ले में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रामायण की सीता मैदान में, किया रोड शो

उन्नाव। यूपी में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल मैदान में उतर गए हैं। इसी बीच उन्नाव में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बीजेपी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। उन्नाव सदर से भाजप प्रत्याशी पंकज गुप्ता के समर्थन में निकाले गए रोड शो में रामायण में सीता का किरदार निभाने वाली दीपिका चिखलिया शामिल हुईं। वहीं, शुक्लागंज क्षेत्र में हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव भी रोड शो में शामिल हुए। राजू श्रीवास्तव की एक झलक पाने को लोग आतुर दिखे। बाईपास से शुरू हुए रोड शो में दीपिका एक रथ पर थीं, जबकि उनके साथ पंकज गुप्ता समेत अन्य भाजपाई थे। दीपिका ने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। रामानंद सागर वाली रामायण में सीता का किरदार अभिनेत्री दीपिका चिखलिया ने निभाया था। सीता माई का अभिनय करने वाली दीपिका को अपने बीच पाकर देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं, रोड शो के दौरान कई बार उनके ऊपर पुष्प वर्षा की गई।

वहीं, उन्नाव सदर विधानसभा क्षेत्र गंगाघाट में रथ पर दीपिका के साथ हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव भी सवार हुए। राजू श्रीवास्तव ने भी जनता का अभिवादन स्वीकार किया। वहीं, रोड शो के रथ के आगे बाइक पर बीजेपी कार्यकर्ता चल रहे थे। साथ ही रोड शो में बड़ी संख्या में महिलाएं भी चल रही थीं। उन्नाव में 23 फरवरी को चौथे चरण के मतदान होना है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन ताकत झोंकते हुए राजू श्रीवास्तव ने बीजेपी के पक्ष में वोट डालने की अपील की। वहीं, उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील की। वहीं दीपिका चिखलिया ने भी लोगों से वोट करने की अपील की।

# चौथे चरण की वोटिंग के लिए प्रचार का शोर थमा

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग के लिए प्रचार का शोर सोमवार की शाम थम गया है। 23 फरवरी बुधवार को नौ जिलों की 59 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। मंगलवार की शाम तक सभी पोलिंग बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच जाएंगी। चौथे चरण में पीलीभीत, खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, बांदा और फतेहपुर में मतदान होगा। पहले तीन चरणों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में चुनाव के बाद अब मतदान की प्रक्रिया चौथे चरण में अवध क्षेत्र से होते हुये पांचवें चरण में पूर्वांचल के इलाकों में दस्तक देगी। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस सहित अन्य दलों ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह के अलावा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इस चरण में धुंआधार प्रचार किया। प्रचार के अंतिम दिन गृहमंत्री अमित शाह पीलीभीत, महोली और बाराबंकी में रैली की। सीएम योगी ने रायबरेली समेत कई सीटों पर सभा की। इस चरण में योगी सरकार के दो मंत्रियों के अलावा दो केन्द्रीय मंत्रियों की भी प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। इनमें लखनऊ से सांसद एवं अध्यक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और लखीमपुर से सांसद एवं गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी शामिल हैं। इस चरण में योगी सरकार के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक, लखनऊ कैंट सीट पर और नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन लखनऊ पूर्व सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर सपा के अनुराग भदौरिया उन्हें चुनौती दे रहे हैं। लखनऊ की सरोजनी नगर सीट से पूर्व प्रशासनिक अधिकारी राजेश्वर सिंह भाजपा के उम्मीदवार हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला सपा के अभिषेक मिश्रा कर रहे हैं।




## पुलिस ने नारद मुनि साहनी हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा किया

गोरखपुर। पुलिस ने नारद मुनि साहनी हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा किया है। दरअसल नारद की पत्नी और बेटी ने उसकी गंदी व अश्लील करतूतों से तंग आकर उसकी हत्या की साजिश रची थी। पुलिस का दावा है कि नारद की अय्याशी और शराब की लत से आजिज पत्नी ने अपनी बेटी और उसके दो साथियों के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या की थी और शव को पिपराईच थाना के बैलों इलाके में दफन कर दिया था। पुलिस ने शव को बरामद करने के साथ ही सर्विलांस सेल और कॉल डिटेल से 48 घंटे में ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया।

एसपी नॉर्थ मनोज अवस्थी के मुताबिक मृतक नारद मुनि को शराब पीने की बुरी लत थी। इतना ही नहीं नारद अपनी बड़ी बेटी के साथ अश्लील हरकत किया करता था। इन दिनों अपनी छोटी बेटी पर बुरी नीयत रखने लगा था। इन सब से तंग आकर मां-बेटी ने शराबी पति और अय्याश बाप को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली और महराजगंज जनपद के रहने वाले अपने दो साथियों के साथ मिलकर इस हत्या की घटना को अंजाम दिया। एसपी के मुताबिक गला दबाकर हत्या करने के बाद उसकी लाश को बोरे में भरकर मोटरसाइकिल से एक खेत में ले जाकर दफन कर दिया। हालांकि पुलिस ने इस पूरे घटना का पदार्फाश करते हुए आरोपी पत्नी, बेटी और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया है। उनका एक साथी अभी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

### ग्रेटर नोएडा में चलने वाली पॉड टैक्सी के रूट में होगा बदलाव

नोएडा। जेवर एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के बीच चलने वाली पॉड टैक्सी (पर्सनल रैपिड ट्रांजिट) के रूट में बदलाव होगा। साथ ही, इसके स्टेशनों की संख्या भी कम हो जाएगी। पहले इसमें 17 स्टेशन बनने थे, लेकिन अब स्टेशनों की संख्या 12 हो जाएगी। इसको लेकर बैठक होगी और इसमें फैसला ले लिया जाएगा। जेवर एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के बीच पॉड टैक्सी चलाने की तैयारी है। इसकी डीपीआर बन चुकी है। डीपीआर में जो रूट बनाया गया है, उसमें सेक्टर-31 और 32 की जमीन एयरपोर्ट परियोजना में समाहित कर दी गई है। इसके चलते रूट में बदलाव होगा। इसके साथ ही स्टेशनों की संख्या भी कम हो जाएगी। मंगलवार को डीपीआर बनाने वाली कंपनी और यमुना प्राधिकरण के बीच बैठक होगी। बैठक में दोनों मुद्दे सुलझाए जाएंगे। 10 मार्च के बाद इसका प्रस्ताव सरकार को भेज दिया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय असलहा तस्कर गैंग के चार सदस्य मुठभेड़ में गिरफ्तार, 20 पिस्टल व कारतूस बरामद

मैनपुरी। मतगणना से पहले पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय असलहा तस्कर गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिले में अवैध असलहा सप्लाई करने की फिराक में थे। मैनपुरी जिले की स्वाट टीम ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय असलहा तस्कर गैंग के चार सदस्यों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। यह गैंग आगरा, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा और लखनऊ के गैंगस्टरों को असलहा बेचने का काम करता था। स्वाट टीम प्रभारी विक्रम सिंह, उप निरीक्षक जैकब फनार्डीज व टीम द्वारा पकड़े गए असलहा तस्करों से 20 पिस्टल, भारी मात्रा मे कारतूस, बोलेरो कार बरामद हुई है। पुलिस की गिरफ्त में आए तस्कर नेपाल तक पिस्टल की सप्लाई करते थे। चारों विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी और मतगणना के बाद हंगामा करने वालों को हथियार सप्लाई करने के लिए जा रहे थे। तभी उनको गिरफ्तार किया गया। उक्त गैंग 2018 में स्पेशल सेल दिल्ली ने पकड़ा था। तब इनके कब्जा से 26 पिस्टल मिले थे। पकड़े गए असलहा तस्करों से पूछताछ चल रही है।

## खुशहाल परिवार दिवस आयोजित

हाथरस। हर माह की 21 तारीख को मनाया जाने वाला खुशहाल परिवार दिवस जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस मौके पर दंपति को परिवार नियोजन के लाभ और तरीकों की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल सागर वशिष्ठ ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भी परिवार नियोजन की सेवाएं खास भूमिका निभाती हैं। परिवार नियोजन संबंधित अधिक से अधिक साधन और सेवाएं स्वास्थ्य इकाइयों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्तर पर परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं बच्चों में 3 वर्ष अंतराल रखने के उद्देश्य यह दिवस आयोजित किया जाता है। परिवार नियोजन के कार्यक्रम के अंतर्गत सेवाएं महिला नसबंदी, पुरुष नसबंदी, कॉपर-टी, माला-एन, छाया, अंतरा इंजेक्शन, निरोध आदि दी जातीं हैं। इनकी अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल एवं आशा बहन और एएनएम से संपर्क कर सकते हैं।

### लालू को सजा सुनाते ही फूट-फूटकर रोने लगा राजद नेता

मुजफ्फरपुर। राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाले के डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ की अवैध निकासी के मामले में 5 साल की सजा सुनाई गई है। सीबीआई कोर्ट रांची के विशेष जज एसके शशि ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से सजा सुनायी। लालू प्रसाद पर 60 लाख का जुमार्ना भी लगाया गया है। सजा की खबर सुनते ही लालू परिवार समेत राजद नेताओं के बीच निराशा छा गई। इस दौरान कई कार्यकर्ता इस सजा से इतने आहत और मायूस हो गए कि रोने भी लगे। राजद के प्रदेश सचिव वसीम अहमद मुन्ना तो खबर सुनते ही रोने लगे। जिस वक्त लालू को सजा सुनाई गई राजद नेता मुजफ्फरपुर स्थित कलेक्ट्रेट में थे और वो वहीं फूट-फूटकर रोने लगे। रोते हुए वसीम अहमद मुन्ना ने बताया कि लालू यादव गरीबों के मसीहा हैं, गुदरी के लाल हैं, लेकिन उनके साथ लगातार अन्याय हो रहा है। वसीम का रोते हुए वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वसीम कह रहे हैं कि लालू को निचली अदालत ने सजा सुनाई है लेकिन न्यायालय पर उन्हें पूरा भरोसा है।

## स्ट्रॉंग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस कप्तान ने लिया जायजा, दिया सख्त निर्देश

हाथरस। जनपद में कल विधानसभा चुनाव 2022 के लिए मतदान संपन्न हो जाने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा आज एम0जी0 पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित ई0वी0एम0 सुरक्षा निमित्त स्ट्रॉन्ग रुम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी उपकरण व सुरक्षा बलों की ड्यूटी आदि को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा एम0जी0 पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित ई0वी0एम0 सुरक्षा निमित्त स्ट्रॉन्ग रुम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि एम0जी0 पॉलिटेक्निक में बने स्ट्रांग रुम की सुरक्षा हेतु त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था करते हुये पर्याप्त मात्रा में पैरामिलिट्री व पुलिस की ड्यूटी लगायी गई है। जिसमें सर्वप्रथम आइसोलेशन कार्डन का क्षेत्र एम0जी0पॉलिटेक्निक कॉलेज के अन्दर होगा। जहाँ पर स्ट्रांग रुम स्थापित है। जहां पर पर्याप्त मात्रा में पैरामिलिट्री बल की ड्यूटी लगायी गयी है। इसके उपरान्त स्ट्रांग रुम की सुरक्षा हेतु इनर कार्डन का क्षेत्र बनाया गया है जहाँ पर पर्याप्त संख्या में आर्म्ड पुलिस गार्द की ड्यूटी लगायी गयी है। साथ ही स्ट्रांग रुम की सुरक्षा हेतु आउटर कार्डन का क्षेत्र बनाया गया है जहाँ पर पर्याप्त मात्रा में सिविल पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गयी है तथा पॉलिटेक्निक भवन से मेन रोड बाउण्ड्री तक बैरिकेडिंग की गयी है व भवन के तीनो गेटों पर पर्याप्त पुलिस बल व्यवस्थापित किया गया है। स्ट्रांग रुम की सुरक्षा हेतु पर्याप्त संख्या में पैरामिलिट्री व पुलिस बल की ड्यूटी शिफ्टवार लगायी गयी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि ई0वी0एम0 सुरक्षा निमित्त स्ट्रॉन्ग रुम के सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार को बनाया गया है तथा क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री रुचि गुप्ता व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में स्ट्रॉन्ग रुम सुरक्षा व्यवस्था हेतु शिफ्टवार लगे पुलिस बल को समय समय पर ब्रीफ कर चैकिंग करेगें।

### सेक्स रैकेट चलने वाली 20 हजार की इनामी महिला अरेस्ट

आगरा। आगरा के ताजगंज थाने से गैंगस्टर के मामले में फरार चल रही महिला को गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला देह व्यापार के धंधे में लिप्त थी। वह अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर आगरा में विदेशी पर्यटकों को एस्कॉर्ट सर्विस मुहैया कराती थी। गैंगस्टर के मामले में फरार होने के कारण आगरा पुलिस ने महिला पर 20 हजार का इनाम घोषित किया हुआ था। क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी ने बताया कि आगरा से गैंगस्टर के मामले में फरार चल रही नई दिल्ली निवासी दिव्यांशी उर्फ अमनप्रीत कौर उर्फ तबस्सुम फातिमा को शास्त्रीनगर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। दिव्यांशी आगरा के होटलों में विदेशी पर्यटकों को एस्कॉर्ट सेवा मुहैया कराती थी। क्राइम ब्रांच प्रभारी ने बताया कि आगरा पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर दिव्यांशी की साथी रश्मि को भी 22 जनवरी को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# डीएम ने दो शिक्षकों का रोका वेतन, प्रधान को लगाई फटकार

## मतदान केंद्रो का किया निरीक्षण

मऊ। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। इसीक्रम में सोमवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के साथ जनपद मुख्यालय से सबसे दूर स्थित मतदान केंद्र कम्पोजिट विद्यालय चक्की मूसाडोही स्थित बूथो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूथों पर स्थित मूलभूत संसाधनों की व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान वहां पर चल रही कक्षाओं का भी निरीक्षण किया। कक्षा 4 के बच्चे सोनू चैहान द्वारा अपने पिता का नाम हिंदी एवं अंग्रेजी में न लिख पाने पर जिलाधिकारी ने अंग्रेजी एवं हिंदी विषय पढ़ाने वाले अध्यापक अरविंद सिंह एवं दुर्गविजय सिंह का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए, साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि इस विद्यालय के बच्चों का नियमित शैक्षणिक मूल्यांकन करते रहे, बच्चों के शैक्षणिक स्थिति में सुधार होने पर ही इनका वेतन जारी करें। रसोईघर के निरीक्षण के दौरान मध्यान भोजन गुणवत्तापूर्ण नहीं होने एवं मेन्यू के हिसाब से नहीं बने होने पर वहां के ग्राम प्रधान लल्लन प्रसाद को कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा वहां पर उपस्थित स्थानीय लोगों से चुनाव के दौरान होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गयी। स्थानीय लोगों ने बाढ़ के दौरान फसलों की क्षति का मुआवजा एवं बाढ़ के दौरान चलाई गई नाव का पैसा अभी तक नहीं मिलने की शिकायत की, साथ ही वहां पर पशु अस्पताल में कोई पशु डॉक्टर अभी तक तैनात नहीं होने की भी शिकायत की, जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के ही दौरान ही अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक विद्यालय पिरीडीह स्थित बूथो का भी जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। वहां पर तैनात प्रभारी प्रधानाध्यापिका से मध्यान्ह भोजन के संबंध में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उक्त विद्यालय पर व्यवस्थाओं से जिलाधिकारी संतुष्ट दिखे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के अलावा क्षेत्राधिकारी मधुबन, तहसीलदार मधुबन भी उपस्थित रहे।



### मकबूलपुर के प्रधान को कारण बताओ नोटिस

आजमगढ़। नियम विरुद्ध गांव में लाइट लगवाने पर विकास खंड तरवां की ग्राम पंचायत मकबूलपुर उर्फ रामनगर के ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस मिलने के एक सप्ताह के अंदर डीपीआरओ कार्यालय में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि निर्धारित समय के अंदर जवाब नहीं मिलेगा तो पंचायत राज एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे ने खंड विकास अधिकारी तरवां की जानकारी पर उन्होंने मौके पर जांच की। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि प्रधान ने यह कार्य अपने मन से किया है। इस कार्य के लिए न तो कोई कार्ययोजना तैयारी की गई और ना ही यह कार्य भुगतान की प्रक्रिया में ही लिया गया है। जांच के समय मौके पर कुल 13 लाइटें मौके पर लगी मिलीं। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लाइट 18 फरवरी और कुछ लाइट 19 फरवरी को लगाई गई है। ग्राम पंचायत सचिव और ग्रामीणों के बयान के अनुसार यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि ग्राम प्रधान ने नियम विरुद्ध मनमाने ढंग से कार्य कराया है।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

लालगंज (आजमगढ़)। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के सोफीपुर गांव के समीप सोमवार की दोपहर 12 बजे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार राजा सरोज (19) की मौत हो गई, जबकि उस पर सवार दूसरा युवक विपुल सरोज (23) पुत्र विनोद निवासी माधोपुर धरांग घायल हो गया। घायल का इलाज स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा है। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। मृतक मां-बाप का इकलौता पुत्र था।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई है। माधोपुर धरांग गांव के रहने वाले दोनों युवक किसी काम से टिकरगाढ़ गए हुए थे। वहां से दोनों वापस लौट रहे थे। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के सोफीपुर गांव के समीप आगे से पिकअप व ट्रक के आने से विपुल सरोज ने बाइक को रोक दी कि उसी दौरान तेज गति से दाहिने से निकल रहा ट्रक अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बाइक सवार विपुल बाएं व राजा दाहिने तरफ गिर पड़े। आसपास के लोगों ने दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद राजा को मृत घोषित कर दिया, जबकि साथ रहे युवक का इलाज चल रहा था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मां शीला देवी, बहन गुड़िया व रंजू का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्राधिकारी लालगंज मनोज रघुवंशी व एसएचओ शशिमौलि पांडेय मौके पर पहुंच गए। एसएचओ ने बताया कि हादसे के मामले में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। ट्रक का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।



# लखनऊ पहुंची भारतीय टीम

## 24 फरवरी से होगी श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज की शुरुआत, पहले मैच में फैंस को नहीं मिलेगी एंट्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैच की टी20 सीरीज का आगाज 24 फरवरी से होने जा रहा है। पहला मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच के लिए टीम इंडिया लखनऊ पहुंच गई है।

सूर्यकुमार यादव ने लखनऊ पहुंचने की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। फोटो में उनके साथ भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन भी थे। सीरीज के बाकी दो मुकाबले 26 और 27 फरवरी को धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जाने हैं। तीन मैच की टी20 सीरीज के बाद दोनों टीमों को दो मैच की टेस्ट सीरीज भी खेलनी है, जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में 4 मार्च से खेला जाएगा, वहीं दूसरा टेस्ट 12 मार्च से बैंगलुरु में होगा। भारत ने टी20 और टेस्ट दोनों टीमों का ऐलान कर दिया है। टीम के खिलाफ मंगलवार को इकाना स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए तैयारी शुरू करेंगे। टीम के खिलाफ मंगलवार को इकाना स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए तैयारी शुरू करेंगे। सीरीज के पहले मैच के लिए फैंस को स्टेडियम में एंट्री नहीं मिलेगी। सीरीज का दूसरा और तीसरा मैच धर्मशाल के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरे और तीसरे मैच में 50 प्रतिशत फैंस स्टेडियम में आएंगे। विराट कोहली, ऋषभ पंत और शार्दुल ठाकुर को टी20 सीरीज के लिए आराम दिया गया है। वहीं रोहित शर्मा को टी20 और वनडे के बाद टेस्ट टीम का कप्तान भी बनाया गया है। वहीं जसप्रीत बुमराह दोनों टीमों के उप-कप्तान होंगे। टी20 टीम में जहां रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी हुई है, वहीं टेस्ट टीम से अजिंक्य रहाणे, चेतेशवर पुजारा, इशांत शर्मा और रिद्धिमान साहा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है।



### भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम घोषित

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने भारत के खिलाफ 24 फरवरी से शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए 18 सदस्यीय श्रीलंकाई टीम की सोमवार को घोषणा की। दासुन शनाका टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि चरित असलंका को उपकप्तान बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटे बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो, तेज गेंदबाज नुवान तुषारा और ऑलराउंडर रमेश मेंडिस चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। मध्य क्रम के बल्लेबाज भानुका राजपक्षे को भी फिटनेस के कारण टीम में जगह नहीं मिली है। लखनऊ 24 फरवरी को तीन मैचों की टी-20 सीरीज का पहले मैच की मेजबानी करेगा, जबकि शेष दो मैच 26 और 27 फरवरी को धर्मशाला में खेले जाएंगे।



**श्रीलंका की 18 सदस्यीय टीम**

दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कुशल मेंडिस, चरित असलंका, दिनेश चांदीमल, दनुष्का गुणातिलका, कमिल मिशारा, जनीथ लियानागे, वानिंदु हसरंगा, चमिका करुणारत्ने, दुष्मंता चमीरा, लाहिरू कुमारा, बिनुरा फर्नांडो, शिरन फर्नांडो, महेश थीक्षाना, प्रवीण जयविक्रमा, आशियान डेनियल।

# स्पेन के कार्लोस अलकारेज बने रियो ओपन चैंपियन

## डिएगो श्वार्टजमैन को 6-4, 6-2 से शिकस्त दी

**रियो डी जेनेरियो।** स्पेन के किशोर खिलाड़ी कार्लोस अलकारेज ने अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्टजमैन को 6-4, 6-2 से हराकर रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।



इस क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में 18 वर्षीय अलकारेज ने तीसरी वरीयता प्राप्त श्वार्टजमैन को एक घंटा 26 मिनट में शिकस्त दी। सातवीं वरीयता प्राप्त स्पेनिश खिलाड़ी ने दो साल पहले रियो डी जेनेरियो में ही अपना पहला पेशेवर मैच जीता था जबकि पिछले साल उन्होंने क्रोएशिया के उमाग में अपनी पहली खिताबी जीत हासिल की थी। अलकारेज ने खिताब अपनी राह में शीर्ष वरीयता प्राप्त माटियो बेरेटिनी को क्वॉर्टर फाइनल में और फिर इटली के एक अन्य खिलाड़ी फैबियो फोगनिनी को सेमीफाइनल में हराया था।

### विशेषज्ञ स्पिन कोच के बिना पाक का दौरा कर सकता है ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के लगभग एक दशक में पहली बार किसी विशेषज्ञ स्पिन कोच या सलाहकार के बिना उपमहाद्वीप टेस्ट दौरे पर जाने की संभावना है। समझा जाता है कि सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम, जिन्होंने 2016 से इस भूमिका को काफी अच्छे से संभाला था, ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ आगामी पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के एक प्रवक्ता ने बताया कि वह अंतरिम कोच के रूप में पद संभालने के लिए न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी के साथ बातचीत कर रहे हैं, लेकिन पैट कमिंस एंड कंपनी के पाक दौरे पर रवाना होने के लिए अब केवल कुछ ही दिन बचे हैं और ऐसा लगता है कि समय पर कोई समझौता नहीं हो पाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने कुछ अन्य स्थानीय नामों पर भी चर्चा की थी, जिन्होंने शिविर या प्री-सीजन शिविर और स्पिनरों के साथ विशेष भूमिका निभाई है।

# साहा को धमकी के मामले की जांच करेगा बीसीसीआई

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को कथित तौर पर एक पत्रकार से मिली धमकी के मामले की जांच करेगा।



खबरों के मुताबिक बीसीसीआई इस मामले में कोई कार्रवाई करने से पहले साहा से उस पत्रकार की पहचान बताने के लिए कहेगा, जिसने उन्हें व्हाट्सएप पर परेशान करने वाले संदेश भेजे थे। वहीं अगर साहा को परेशान करने वाला पत्रकार निकला तो बीसीसीआई उस व्यक्ति पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में कदम उठाएगा। बीसीसीआई इस मामले की गहराई से जांच कर यह जानना चाहता है कि कहीं किसी अन्य क्रिकेटर को तो इस तरह के अनुभव से नहीं गुजरना पड़ा। इस मामले को करीब से देख रहे अधिकारियों ने कहा, साहा बीसीसीआई के एक अनुबंधित खिलाड़ी हैं। यह बोर्ड की जिम्मेदारी हैं कि उनके खिलाड़ियों को नीचा न देखना पड़े। इस बात को न भी देखें तो यह भी समझना जरूरी है कि क्या किसी तरह का कोई गिरोह काम कर रहा है, इस पर भी नजर रखनी जरूरी है। दरअसल, साहा ने 19 फरवरी को एक पत्रकार से वॉट्सऐप पर की गई बातचीत का स्क्रीनशॉट शेयर कर आरोप लगाया था कि पत्रकार ने उन पर इंटरव्यू देने के लिए दबाव डाला था। साहा की ओर से जारी स्क्रीन शॉट में लिखा था, आप मेरे साथ एक इंटरव्यू कीजिए। यह अच्छा होगा। अगर आप डेमोक्रेटिक तरीके से इंटरव्यू देना चाहते हैं तो मैं आपको फोर्स नहीं करूंगा। टीम मैनेजमेंट ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में एक विकेटकीपर को चुना है, जो मेरे हिसाब से बेहतर है। आपने भी 11 जर्नलिस्ट चुने, जो मेरे हिसाब से बेस्ट नहीं थे। उन्हें चुनिए, जो सबसे ज्यादा मदद कर सकते हैं। इसके बाद अगले दिन पत्रकार ने उन्हें वॉट्सऐप पर ही कॉल किया। जब साहा ने कॉल रिसीव नहीं किया तो पत्रकार ने देर रात मैसेज करते हुए लिखा, मैं अब कभी आपका इंटरव्यू नहीं करूंगा। मैं इस तरह का अपमान नहीं सह सकता और मैं इसे याद रखूंगा। आपको ऐसा नहीं करना चाहिए था। कई सीनियर क्रिकेटर्स जैसे वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, आरपी सिंह, आकाश चोपड़ा और यहां तक टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भी साहा का सपॉर्ट किया है।

# महिला हॉकी प्रो लीग के लिए भारतीय टीम घोषित

## गोलकीपर सविता पुनिया करेंगी टीम की अगुवाई

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 26 और 27 फरवरी को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ होने वाले एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए सोमवार को 22 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। टीम की अगुवाई गोलकीपर सविता पुनिया करेंगी, जबकि दीप ग्रेस एक्का उप कप्तान होंगी। झारखंड की युवा फारवर्ड संगीता कुमारी टीम में नया चेहरा होंगी, जिन्होंने भारत की जूनियर टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने टीम के ऐलान पर कहा, हम स्पेन के खिलाफ अपना घरेलू प्रो लीग खेल शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। ओमान से लौटने के बाद हमारे पास दो अच्छे प्रशिक्षण सप्ताह थे। जब आपके पास खिलाड़ियों का एक मजबूत पूल होता है तो टीम का चयन हमेशा मुश्किल हो जाता है। स्पेन एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी है। उसने लगातार उच्च स्तर पर प्रदर्शन किया है।



**भारतीय टीम**

**गोलकीपर्स:** सविता (कप्तान), बिचु देवी खरीबम, रजनी एतिमारपु। **डिफेंडर्स** : दीप ग्रेस एक्का (उप कप्तान), गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी। **मिडफील्डर्स:** निशा, सलिमा टेटे, सुशीला चानू पुखराबम, ज्योति, मोनिका, नेहा, नवजोत कौर, नमिता टोप्पो। **फॉरवर्डस:** वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, राजविंदर कौर। **स्टैंड बाय खिलाड़ी:** रश्मिता मिंज, अक्षता अबसो ढेकाले, सोनिका, मारियाना कुजूर, ऐश्वर्या राजेश चौहान।

## संक्षिप्त

### रवि ने रजत व दीपक ने कांस्य जीता

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि कुमार और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता दीपक पुनिया ने बुल्गारिया के वेलिको तारनोवो में आयोजित 59वें अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती टूर्नामेंट डॉन कोलोव-निकोला पेत्रोव में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीत लिए। रवि कुमार ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत और दीपक ने 92 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा अमन ने 57 किग्रा, अनुज कुमार ने 65 किग्रा और गौरव बालियान ने 79 किग्रा में रजत जीते जबकि संजीत ने 86 किग्रा में कांस्य जीता। ग्रीको रोमन शैली में भारत को दो पदक हाथ लगे। अजय ने 55 किग्रा में कांस्य और साजन ने 77 किग्रा में रजत जीता। महिला वर्ग में संजू देवी ने 59 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अन्य वजन वर्गों में नीलम (50), पिंकी (55) और सृष्टि (57) ने रजत, राधिका (62), सोनिका हुडा (68) तथा रीतिका (72) ने कांस्य जीते जबकि कविता ने 76 किग्रा में रजत जीता।

### दूसरे टेस्ट से भी चूकेंगे बोल्ट

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां 25 फरवरी से शुरू हो रहे दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच के लिए भी उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। स्टीड ने कहा, वह अपने वर्कलोड के चलते मैच के लिए उपलब्ध होने की स्थिति में नहीं है। जब से उनकी पत्नी ने बच्चे के जन्म दिया है, वह क्रिकेट खेलने और गेंदबाजी करने के कई अवसरों से चूके हैं, इसलिए हमें लगा कि उनके खेलने का जोखिम इस समय बहुत अधिक है।

### भारत के खिलाफ हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए भुवनेश्वर पहुंची स्पेन पुरुष टीम

**भुवनेश्वर।** स्पेन की पुरुष हॉकी टीम भारत के खिलाफ 26 और 27 फरवरी को कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए सोमवार को भुवनेश्वर पहुंची स्पेनिश टीम के कप्तान मार्क मिरालेस ने कलिंगा हॉकी स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, हम भारत में आकर खुश हैं और दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित हॉकी स्टेडियमों में से एक में खेलने के लिए सच में उत्साहित हैं। हम घरेलू टीम के खिलाफ खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते।

# सेमीफाइनल में पहुंचे यूपी योद्धा

## पीकेएल-8: पुनेरी पल्टन को 42-31 से हराया

**बेंगलुरु।** परदीप नरवाल (18 अंक, 3 सुपर रेड के साथ) ने एक बार फिर दिखाया कि वह कबड्डी के बेताज बादशाह क्यों कहे जाते हैं। लीग स्तर पर एक समय सब्सीट्यूट कर दिए गए परदीप ने बीते कुछ मैचों से जो लय पकड़ी है, वह सोमवार कोवीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के पहले एलिमिनेटर मुकाबले में भी जारी और उनके क्लास की बदौलत यूपी योद्धा ने पुनेरी पल्टन को 42-31 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।

परदीप ने इस मैच का पासा 16वें मिनट में पलटा। उस समय स्कोर 12-12 था। पांच अंक की रेड के साथ परदीप ने पल्टन को बैकफुट पर धकेला और इसके बाद दो सुपर रेड के साथ पल्टन के आत्मबल को पूरी तरह तोड़ दिया। यह सब तब हुआ, जब पल्टन ने सातवें मिनट में ही यूपी को आलआउट कर 9-1 की लीड ले चुकी थी। परदीप के अलावा यूपी के लिए सुरेंदर गिल ने पांच अंक लिए जबकि सुमित ने हाई-5 लगाया। अब अगर पल्टन की बात की जाए तो असलम इनामदार ने सुपर-10 लगाया लेकिन मोहित गोयत (4) अंक के अलावा डिफेंस (8 अंक) चल नहीं सका। पल्टन के लिए हालांकि आकाश शिंदे ने प्रभावित करते हुए सात अंक हासिल किए।

### गुजरात को हराकर बुल्स अंतिम-4 में पहुंचे

बेंगलुरू बुल्स ने दूसरे एलिमिनेटर मुकाबले में गुजरात जाएंट्स को 49-29 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है, जहां उसका सामना 23 फरवरी को दबंग दिल्ली केसी से होगा। बुल्स की जीत में उसके स्टार रेडर पवन सेहरावत (13), चंद्रन रंजीत (7) और भरत (6) के अलावा डिफेंस में महेंदर (2 सुपर टैकल के साथ हाई-5) की अहम योगदान रहा। गुजरात का डिफेंस इस मैच में नहीं चला। उसे सिर्फ 5 अंक मिले। दूसरी ओर, बुल्स के डिफेंस ने 16 अंक लिए। साथ ही उसके रेडर भी नहीं चले।

### टीम मैनेजर का अनुबंध नहीं बढ़ाएगा बीसीसीआई

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीनियर पुरुष टीम के लिए स्थायी मैनेजर की नीति को बंद कर दिया है और संभवत: फिर से श्रृंखला-दर-श्रृंखला के आधार पर मैनेजरों की नियुक्ति की पिछली प्रणाली को अपना लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के प्रशासनिक प्रबंधक रहे गिरीश डोंगरे का कार्यकाल समाप्त हो गया है और बीसीसीआई ने उनके अनुबंध को रिन्यू (नवीनीकृत) न करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम के पास हाल ही में समाप्त हुई वेस्ट इंडीज श्रृंखला के लिए एक नया प्रशासनिक प्रमुख था और अब श्रीलंका के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) के धवल शाह टीम के साथ होंगे, हालांकि वह अलग से टीम के साथ जुड़ेंगे। एससीए के अध्यक्ष जयदेव शाह ने 24 फरवरी से लखनऊ में शुरू होने वाली श्रीलंका टी-20 सीरीज के लिए बीसीसीआई के प्रतिनिधि के रूप में कार्यभार संभाला है, इसलिए सीरीज में कोई मैनेजर नहीं होगा।

# ऑबमायेंग की हैट्रिक से जीता बार्सिलोना

## ला लिगा में वेलेंसिया को 4-1 से हराया

**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने हाल में टीम से जुड़ने वाले पियरे एमरिक ऑबमायेंग की हैट्रिक की मदद से स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में वेलेंसिया पर 4-1 से बड़ी जीत दर्ज की। बार्सिलोना ने ऑबमायेंग को हाल में आर्सनल से लिया था और इस खिलाड़ी ने अपनी नयी टीम की तरफ से अपना पहला गोल भी किया।



ऑबमायेंग ने 23वें, 38वें और 63वें मिनट में गोल किए। बार्सिलोना की तरफ से अन्य गोल फ्रेंकी डि जोंग ने 32वें मिनट में किया। इस जीत से बार्सिलोना फिर से चौथे स्थान पर पहुंच गया है जो कि चैंपियन्स लीग में जगह बनाने के लिए अंतिम स्थान है। मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड पांचवें स्थान पर है। उसने एक अन्य मैच में ओसासुना को 3-0 से पराजित किया। बार्सिलोना शीर्ष पर चल रहे रीयाल मैड्रिड से 15 अंक पीछे है लेकिन उसने एक मैच कम खेला है। दूसरे स्थान पर काबिज सेविला ने एस्पेनयोल से अपना मैच 1-1 से ड्रा खेला जिससे वह रीयाल मैड्रिड से छह अंक पीछे हो गया है। रीयाल मैड्रिड ने अलावेस को 3-0 से हराया था। तीसरे स्थान की टीम रीयाल बेटिस ने मालोर्का पर 2-1 से जीत दर्ज की। इससे उसके और सेविला के बीच अब केवल पांच अंक का अंतर रह गया है।

### लेवानडोवस्की के दो गोल से जीता बायर्न म्यूनिख

**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख ने रॉबर्ट लेवानडोवस्की और बोरुसिया डोर्टमंड ने मार्को रियुस के शानदार प्रदर्शन से जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा में बड़ी जीत दर्ज की। लेवानडोवस्की ने दो गोल दागे जिससे बायर्न ने खेले गए मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करके ग्रेटर फोर्थ को 4-1 से हराया। लेवानडोवस्की लीग में अब तक 23 मैचों में 28 गोल दाग चुके हैं। उनके शानदार प्रदर्शन से बायर्न ने दूसरे स्थान की टीम डोर्टमंड पर छह अंक की बढ़त बरकरार रखी है। दूसरी तरफ रियुस ने भी दो गोल किए जिससे डोर्टमंड ने बोरुसिया मोंगशेनलाबाख को 6-0 से करारी शिकस्त दी। एक अन्य मैच में लीपजिग ने हेर्था बर्लिन को 6-1 से शिकस्त देकर चौथा स्थान हासिल कर लिया जो कि चैंपियन्स लीग क्वॉलीफिकेशन का अंतिम स्थान है।

# भारतीय महिला क्रिकेटर वनिता ने की संन्यास की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी वी आर वनिता ने संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने 2014 से 2016 के बीच भारतीय टीम के लिए 6 वनडे और 20 टी20 मैच खेले हैं।

31 वर्षीय क्रिकेटर ने ट्विटर के माध्यम से अपने संन्यास की घोषणा करते हुए, परिवार के सदस्यों, दोस्तों, और टीम के साथियों को धन्यवाद दिया, जिसमें भारत की खिलाड़ी झूलन गोस्वामी और मिताली राज भी शामिल हैं। साथ ही साथ उन्होंने कर्नाटक और बंगाल क्रिकेट संघ का धन्यवाद दिया। इन दोनो राज्य संघों की तरफ से उन्होंने घरेलू क्रिकेट भी खेला था। वनिता ने आमतौर पर टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी की शुरुआत की और वनडे में मध्यक्रम में बल्लेबाजी की। उदाहरण के लिए उन्होंने 15 टी20 पारियों में पांच बार 25 से अधिक स्कोर बनाए, लेकिन उनका उच्च स्कोर सिर्फ 41 ही था। उनका वनडे और टी20 में बल्लेबाजी का औसत क्रमशः 17 और 14.40 था। हाल ही में वनिता 2021-22 के घरेलू सीजन के दौरान बंगाल के लिए शानदार फॉर्म में थी, जिससे उन्हें महिला सीनियर वनडे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने में मदद मिली। उस दौरान उन्होंने कुल 225 रन बनाए। आंध्र के खिलाफ उन्होंने 61 रन और हैदराबाद के खिलाफ 107 रन की पारी खेली थी। वनिता फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह अपने संन्यास के बाद क्या करेंगी। हालांकि उन्होंने इस बात की चर्चा जरुर की कि वह युवा क्रिकेटरों के प्रतिभा को तराशने का काम करेंगी।

# भारत से हार के बाद पोलार्ड ने कहा-मुझे नहीं लगता हमें अपमानित महसूस करना चाहिए

कोलकाता। वेस्टइंडीज को टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में 0-3 में करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन कैरेबियाई कप्तान कीरोन पोलार्ड ने कहा कि उनकी टीम को अपमानित महसूस नहीं करना चाहिए क्योंकि भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में स्कोर लाइन उनकी टीम के जुझारूपन का संकेत नहीं है। सूर्यकुमार यादव की आक्रामक 65 रन की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 17 रनसे हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। पोलार्ड ने मैच के बाद वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, हां हम 3-0 से हार गये लेकिन खिलाड़ियों ने जुझारूपन दिखाया। मुझे नहीं लगता हमें अपमानित महसूस करना चाहिए। हम हार से खुश नहीं हैं। हम मैच जीतने की कोशिश कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के पास दूसरे टी20 मैच में जीत का बहुत अच्छा मौका था जब रोवमैन पावेल और निकोलस पूरन ने आक्रामक अर्धशतक जमाये थे। भारत ने हालांकि भुवनेश्वर कुमार की शानदार गेंदबाजी से वापसी की और आठ रन से जीत दर्ज की। पोलार्ड ने कहा, इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जीत और हार के बीच के मामूली अंतर का पता चलता है। इससे गेंदबाजी या बल्लेबाजी में गलतियों के अंतर का पता चलता है। उन्होंने कहा, आखिरी ओवरों में अच्छा प्रदर्शन करना ऐसा क्षेत्र हैं जिस पर हमें काम करने की जरूरत है। जहां तक पहले 15 ओवर की बात है तो हमें लगता है कि हम जैसा चाहते थे वैसा प्रदर्शन किया। वेस्टइंडीज के लिये सबसे सकारात्मक पहलू विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन की फॉर्म में वापसी रही जिन्होंने तीन अर्धशतक जमाये तथा 61.33 की औसत से 184 रन बनाये। पोलार्ड ने कहा, मेरा मानना है कि यह अच्छी श्रृंखला रही। खिलाड़ियों ने जिम्मा संभाला। हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं और चीजों के व्यवस्थित होने में थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा, निकोलस ने बेजोड़ प्रदर्शन किया। उसने निरंतरता दिखायी। वह युवा खिलाड़ी और हम चाहते हैं कि वह निरंतर अच्छा प्रदर्शन करे। वह अब भी सीख रहा है। विंडीज के कप्तान ने मुंबई इंडियन्स के अपने साथी सूर्यकुमार यादव की भी प्रशंसा की। पोलार्ड ने कहा, सूर्य विश्वस्तरीय खिलाड़ी है। मुझे उसके साथ मुंबई इंडियन्स की तरफ से खेलने का मौका मिला है। वह शानदार प्रदर्शन कर रहा है। सभी बल्लेबाज उससे सीख ले सकते हैं।

# भारतीय मुक्केबाज सुमित कुंदु ने जीत से किया आगाज



## स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सुमित कुंदु ने बुल्गारिया के सोफिया में पहले दिन सोमवार को 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता रूस के झंबुलत बिजामोव को पछाड़ कर 73वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट अभियान का शानदार आगाज किया।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन सुमित ने अपना दूसरा सीनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलते हुए 75 किग्रा के शुरुआती दौर के मैच में अपना दम दिखाते हुए रूसी प्रतिद्वंद्वी पर 5-0 से बड़ी जीत दर्ज की। दूसरे दौर में उनका सामना यूक्रेन के एलेक्जेंडर खेजनियाक से होगा। इस बीच नरेंद्र बेरवाल (+92 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा) और लक्ष्य चाहर (86 किग्रा) अपने-अपने शुरुआती दौर के मैचों में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। नरेंद्र स्पेन के मुक्केबाज अयूब गदफा द्रिसी से 2-3, जबकि वरिंदर और लक्ष्य अपने रूसी प्रतिद्वंद्वियों अर्तुर सुखानकुलोव और शरबुतदीन अताएव से क्रमशः 0-5 और 1-4 के अंतर से हार गए। यूरोप के सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दूसरे दिन मंगलवार को चार भारतीय मुक्केबाज अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। महिला 54 किग्रा के शुरुआती दौर के मैच में भारतीय मुक्केबाज शिक्षा को मौजूदा एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान की दीना झोलामन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। नीतू (48 किग्रा) और अनामिका (50 किग्रा) दूसरे दिन चुनौती पेश करने वाली अन्य दो भारतीय महिला मुक्केबाज हैं। वहीं पुरुषों में आकाश सांगवान, जिन्हें पहले दौर में बाई मिली थी, सोमवार देर रात 67 किग्रा के दूसरे दौर के मैच में जर्मनी के मुक्केबाज डेनियल क्रोटर से भिड़ेंगे। 27 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कजाकिस्तान, इटली, रूस और फ्रांस जैसे मजबूत मुक्केबाजी देशों सहित दुनिया भर के 36 देशों के 450 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट में सात पुरुषों और 10 महिलाओं वाला 17 सदस्यीय भारतीय दल भी भाग ले रहा है, जो गोल्डन बेल्ट सीरीज से पहला और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के वर्ल्ड बॉक्सिंग टूर प्रारूप के लिए एक परीक्षण कार्यक्रम भी है। भारतीय मुक्केबाजों के लिए इस साल यह पहली एक्सपोजर ट्रिप भी है।

# कोणार्क ग्रैंड होटल को एक और अवार्ड से किया गया सम्मानित

प्रखर मिजार्पुर। जनपद का अति प्रतिष्ठित गौरवशाली पर्यटन के दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण जाना और माना जाने वाला होटल कोणार्क ग्रैंड होटल जंगी रोड स्थित ने एक बार पुनः जनपद वासियों का सीना 56 इंच का कर दिखाया है। दरसल होटल के बेहतर प्रबंधन के अलावा स्वादिष्ट लजीज व्यंजनों के पकाने के तौर तरीके को उम्दा बताते हुए भारत सरकार ने सम्मानित किया है। भारतीय खाद्य संरक्ष्य एवं मानक की तरफ से कोणार्क ग्रैंड होटल को मिला ईट राइट कैंपस का आवार्ड। कोणार्क ग्रैंड होटल एक बार फिर मिजार्पुर वासियों को दिया गौरव होने का मौका` भारतीय खाद्य संरक्ष्य एवं मानक संस्थान द्वारा कोणार्क ग्रैंड होटल को ऑडिट ट्रायल किया गया जिसमें भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक की तरफ से द्वारा तय मानक ईकाई पर होटल ने अपने आप को खरा सावित किया । प्रेस वार्त्ता में होटल के महाप्रबंधक अनंत कुमार साव ने बताया कि एफ एस एस ए आई द्वारा तय मापदंडों को हम लोगो ने शुरू से ही स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनाया है । ऑडिट के दौरान रसोईघर हाइजीन फूड क्वालिये , सेफ फूड , हेल्दी फूड , सूरने बेल फूड , बिल्डिंग अवेरनेस स्टाफ एक्टीविटिज , स्टाफ हेल्थ केयर संविधित तमाम ईकाइयों को चेक किया गया । इन समी मापदंडों पर होटल ने अपने आप को खड़ा साबित किया , जिस कारण हमलोगों को भारतीय खाद्य संरक्ष्य एवं मानक ( भारत सरकार के तरफ से ईट राइट कैंपस आवाई , दिया गया ` इससे पहले भी एफएसएसए एआई द्वारा हाइजीन रेटिंग में हमारे होटल को आवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है । आगे बताते हुए महाप्रबंधक अनंत कुमार साव ने बताया कि इस तरह का सम्मानित अवार्ड मिलने से हमारे मनोबल बढ़ते है तथा अपनी सर्विसेज से होटल में मेहमानों का और ज्यादा से ज्यादा संपन्नता एवं उपलब्धता के साथ सुविधाएं दिया जाता है । इस मौके पर होटल के फूड एण्ड वेवरेज मैनेजर संजय कुमार चतुवेर्दी ने अपनी सर्विसेज से मेहमानों के प्रति प्रतिबद्धता जताई । इस आवाई के मिलते ही खाद्य सुरक्षाधिकारी मिजार्पुर अभय सिंह ने होटल को बधाई दिया है।



## दोहरीघाट नगर में गंदगी का लगा अंबार

दोहरीघाट, मऊ। दोहरीघाट पुलिस चैकी के बगल में सरयू नदी के ऊपर बने पुल के पहले जो हमेशा हजारों गाड़ियों का आवागमन बना रहता है वही कूड़े का ठीक प्रकार से निस्तारण ना होने के कारण पूरे नगर का कूड़ा सड़क के बगल में गिराया जाता है जिसके कारण दुर्गंध आती है लोगों का इस रास्ते से आना जाना दूभर हो जाता है इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष जोगी उर्फ बेदाना सोनकर ने बताया कि कूड़े के निस्तारण के लिए जल्द ही एक बड़ी कार्य योजना बनाई जा रही है जिसके बाद कूड़े की समस्या नगर के अंदर से समाप्त हो जाएगी।



## संक्षिप्त खबरें

### मतदान के लिए छात्राओं ने रैली निकाली किया जागरूक




प्रखर पिंडरा वाराणसी। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन रैली व जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओ को जागरूक करने में जुटी हुई है। उसी क्रम में माँ शारदा देवी महिला महाविद्यालय कथौली की छात्राओं ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को मतदान करने की अपील की। रैली के दौरान पहले मतदान फिर जलपान, लोकतंत्र को जगाना है मतदान कराना है, के नारे लगाते हुए गांवो में भ्रमण कर छात्राओ ने जगरूक किया। इस दौरान सैकड़ो छात्राओ के साथ शिक्षकगण उपस्थित रहे। इसके अलावा गरिमामय फाउंडेशन के तत्वावधान में घोघरी में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

### शांति पब्लिक स्कूल द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली, छात्र-छात्राओं ने रैली के माध्यम से लोगों से मतदान करने की अपील की




प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़।विकासखंड मोहम्मदपुर के सिंघड़ा मे स्थित क्षेत्र का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शांति पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विद्यालय से निकलकर सिंघड़ा, सिधौनी, अंगनईया गांव में स्वीप योजना के अंतर्गत मतदान के लिए जागरूकता रैली निकाली तथा साथ साथ बच्चों ने अपने हाथों में मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए स्लोगन लिखित तख्तियां लिए हुए थे। जिस पर लोकतंत्र की शान अवश्य करें मतदान, नर हो या नारी अबकी है मतदान की बारी, मेरा वोट मेरी आवाज, वोट हमारा है अधिकार के नारे बच्चे लगा रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक झिनकू यादव, अध्यापक आकाश यादव, एसके सर, मोहम्मद यूसुफ, राजनारायण, चंद्रशेखर,मनीष, अभिषेक, अंकित व अध्यापिका रोली, सृष्टि, रीमा, पूजा,निशा, उषा, सब्बो, अंशिका समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने गॉवो का भ्रमण कर जानी लोगो की समस्या



प्रखर चंदवक जौनपुर। स्थानीय विकास खण्ड के विशुनपुर व लेवरूवा गांव में बुधवार की दोपहर पूर्व ब्लाक प्रमुख केडी सिंह ने लोगों से मिल जानी समस्या। आपको बता दें कि पूर्व ब्लाक प्रमुख व समाजसेवी केडी सिंह ने गांवो में लोगों से मिल हो रही समस्याओं से रूबरू हुए ग्रामीणों ने पूर्व ब्लाक प्रमुख के सामने गांव में हो रही नाली, सड़क व अन्य समस्याओं को उनके समक्ष रखी पूर्व ब्लाक प्रमुख ने ग्राम वासियों को आश्वासन देते हुए जल्द ही सभी समस्याओं से निदान करने का भरोसा दिए इससे पहले भी क्षेत्र में अपनी समाज सेवा को लेकर चर्चा में रहे हैं पूर्व ब्लॉक प्रमुख।इस अवसर पर बबलू सिंह,अंकुर सिंह,अरुण सिंह,विट्ठू सिंह,संजय सिंह,अमित सिंह,जमुना प्रसाद,रवि कुमार व विनीत कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## सड़क किनारे मिली नवजात बच्ची, अस्पताल में भर्ती

कोपागंज, मऊ। कोपागंज थाना क्षेत्र के लैरोदोनवार गांव के समीप कोपागंज-कसारा मार्ग पर सड़क के किनारे रविवार की देर रात एक लावारिस हाल में बच्ची मिली। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।



मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को भेजवा महिला जिला अस्पताल। कोपागंज-कसारा मार्ग रविवार की रात लगभग 8:30 बजे कुछ राहगीरों साईकिल से अपने घर जा रहें थे की लैरो दौनवार गांव के समीप सड़क के किनारे एक रोती बच्ची की आवाज सुनाई दिया। तो राहगीरों ने जब आवाज के पास जा कर देखा तो एक लड़की कपड़े में लपेटी हुई वही पड़ी थी। राहगीरों के अनुसार लड़की लगभग एक दो दिन की बताई जा रही है। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर थानाध्यक्ष ने बच्ची को लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराये। जहां बच्ची स्वास्थ्य है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष कोपागंज हरेराम मौर्य ने बताया कि घटना स्थल पर पहुंचकर मासूम बच्चीं को महिला जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां बच्ची स्वास्थ्य है।

## कुष्ठरोग को लेकर किया जा रहा जागरूक, दी जा रही चिकित्सा सम्बंधी जानकारी

**जनपद में बेहतर उपचार से कुष्ठ रोगियों की संख्या में आई तेजी से गिरावट**

मऊ। कुष्ठ कोई अभिशाप नहीं, बल्कि एक बीमारी है और इसका उपचार संभव है। सफेद दाग कुष्ठरोग (लेप्रोसी) नहीं है, बल्कि ल्यूकोडर्मा होता है जिसमें मिलैनिगपिग्मेंट की कमी हो जाती है, जो स्किन का रंग बदल देता है यह एक त्वचा रोग है। इसकी सही चिकित्सा होने पर ठीक हो जाता है। यह कहना है मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ श्याम नरायन दुबे ने का। डॉ दुबे ने बताया कि पहले घर एवं समाज के लोग कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों को अपने बीच रखना पसंद नहीं करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। निरंतर सरकार द्वारा चलाये जा रहे जागरुकता अभियानों और जन सहयोग मिलने के बाद रोगियों के जीवन स्तर में सुधार आया है। लेप्रोसी के प्रति समाज में चेतना लाने के लिये 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ रोग जागरुकता अभियान चलाया गया। जनपद में बेहतर उपचार मिलने पर कुष्ठ रोगियों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है। उन्होने बताया कि कुष्ठरोग से प्रभावित मरीज का छह माह या एक साल तक उपचार चलता है। मल्टी ड्रग थैरेपी से कुष्ठ रोगी में यदि किसी व्यक्ति के शरीर पर निशान या एक नस प्रभावित है तो उसका छह माह तथा इससे ज्यादा असर होने पर एक साल का उपचार चलता है। कुष्ठ रोग के लक्षणों में शरीर पर हल्के लाल रंग का पूर्ण रूप से सुन्न कोई दाग, धब्बा या चकत्ता। कोहनी के पीछे, घुटने के पीछे वाली नस का मोटा होना या इसके साथ दर्द होना। हाथों पैरों की मांसपेशियों में अचानक कमजोरी महसूस होना। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ श्रवण कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान कुष्ठ का संभावित मरीज के मिलने पर उसकी जांच की जाती है। कुष्ठ रोग की पुष्टि होने पर दवा दी जाता है। कुष्ठ से दिव्यांग मरीजों की विकलांगता को दूर करने के लिए रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी (आरसीएस) भी किया जाता है। पहली सर्जरी के बाद मरीज को 4000 रुपये मिलते हैं। एक महीने बाद दोबारा दिखाने पर 2000 और तीसरे महीने यानि आखिरी में 2000 रुपये दिए जाते हैं। इस तरह रोगी को कुल आठ हजार रुपये दिये जाते हैं। इसके बाद कुष्ठ से विकलांग रोगियों को इलाज के बाद विकलांगता संबंधित सुविधाओं साथ सरकार की ओर से 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है। डीएलओ डॉ श्रवण ने बताया कि वैसे अच्छी चिकित्सा सुविधा और समय पर दवाओं की उपलब्धता के चलते इस सत्र में कुष्ठ से विकलांग एक भी व्यक्ति नहीं हुआ है। इन्हें उपचार के लिए दवा, घाव वाले मरीज को मलहम पट्टी समेत सेल्फ केयर किट निःशुल्क दी जाती है। कुष्ठ रोगियों को साल में दो बार एमसीआर जूते भी दिये जाते हैं। गरीब कुष्ठ के रोगियों को प्रधानमंत्री आवास भी आवंटित किया जाता है। उन्होंने ने बताया कि सत्र 2020-21 में 67 (37 पीबी, छह महीने इलाज वाले और 30 एमबी, एक साल इलाज वाले) मरीज ही मिले थे, इस वर्ष जनवरी 2022 तक 58 (30 पीबी और 28 एमबी) मरीज मिले हैं। जिले में अब तक कुल 50 रोग मुक्त हो चुके कुष्ठ के रोगी है और 57 रोगी का इलाज चल रहा है। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ कृष्ण यादव ने बताया कि कुष्ठ रोग जीवाणु माइकोवैक्टीरिया लैप्री द्वारा फैलता है। यह शत प्रतिशत कुष्ठ संक्रमित रोगी जिसने कभी दवा नहीं खाई उसके के खांसने व छींकने से निकलने वाले माइकोबैक्टेरियम लेप्री (जीवाणु) साथ में रहने वाले कम प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करने या दवा न लेने वाले संक्रमित मरीज के साथ लंबे समय तक संपर्क में रहने से रोग फैलता जाता है।

## भाकियू ने किसानों के धान क्रय को लेकर संबंधित अधिकारी को दिया पत्रक

### अधिकारीयों ने धान खरीद हो जाने का दिया आश्वासन

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। धान खरीद 2021-22 के खरीद के नियमों में बार-बार बदलाव करने से किसान हित प्रभावित हो रहा था जबकि 28 फरवरी 2022 तक ही खरीद होना है, किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव सिद्धनाथ सिंह व प्रहलाद सिंह प्रदेश सचिव ने सैकड़ो किसानों के साथ अहरौरा मंडी समिति में दिन सोमवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था और साथ किसानों ने उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग भी किया था। उसी क्रम में दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे से उपरोक्त स्थान पर धरना प्रदर्शन कर किया गया, वही वैभव वर्मा (क्षेत्रीय प्रबंधक स्त्राू मीरजापुर), वीपीन कुमार सिंह (सहायक आयुक्त एवं सहायक निम्बधक सहकारिता), अपर जिला सहकारी अधिकारी चुनार व अपर जिला सहकारी अधिकारी लालगंज ने बताया कि सभी किसानों का धान खरीद लिया जाएगा, आप लोग निश्चित रहे। उसी दौरान किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन खत्म कर दिया गया। इस दौरान भाकियू के प्रदेश सचिव सिद्धनाथ सिंह, प्रदेश सचिव प्रह्लाद सिंह, जिला कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, युवा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, युवा महासचिव विश्वनाथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, जिला सचिव राम श्रृंगार सिंह, चौधरी रमेश सिंह अन्नदाता मंच के संयोजक,पंचम सिंह ,शिव प्रसाद सिंह, छन्नूसिंह जिला प्रचार मंत्री, धर्मेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष चुनार, रतनलाल चौरसिया ब्लॉक अध्यक्ष, महेंद्र सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष, मुकुट धारी सिंह, हंसराज, छोटेलाल पटेल, चंदन सिंह, रामवृक्ष सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, दिवाकर सिंह, जैसलाल, अवधेश कुमार सिंह, लक्ष्मण, राम सिंह, पवन कुमार बिंद ग्राम अध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह, राम सकल पाल, जगदीश सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, रामराज बिंद, राजेश कुमार सिंह ,राम मूरत पाल ,हरेंद्र सिंह ,कृष्णकांत सिंह, सुरजन सिंह के साथ आदि किसान उपस्थित रहे।



## निर्माणाधीन अस्पताल के लिए 259 लाख अवमुक्त

बलरामपुर (आजमगढ़)। फूलपुर क्षेत्र के लोगों के लिए अच्छी खबर है। पिछले कई माह से बजट के अभाव में रुके फूलपुर के सौ शैय्या अस्पताल का निर्माण कार्य अब जल्द ही पूरा हो जाएगा। इसके लिए शासन ने 259.61 लाख का बजट जारी कर दिया है। इससे अधूरे कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद जगी है। स्वास्थ्य विभाग के जेई रामनयन प्रसाद ने बताया कि बजट मिलने से अस्पताल के अधूरे कार्य शुरू हो जाएंगे और जल्द ही क्षेत्र के लोगों का सपना स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पूरा हो जाएगा। वर्ष 2015-2016 में 2796.07 लाख रुपये की लागत से निर्माण शुरू हुआ। निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद आजमगढ़ को सौंपी गई। काम शुरू हुआ, लेकिन बीच में बजट के अभाव में रुका पड़ा था। कई काम मंद गति से चल रहे थे, लेकिन बजट मिलने के बाद कार्य में तेजी भी आएगी। मौजूदा समय में अस्पताल परिसर में दो लिफ्ट के कार्य, विद्युत वायरिग, फायर फाइटिग समेत कई कार्य अधूरे हैं। बजट मिलने से इन कामों में तेजी आएगी। इतना ही नहीं चिकित्सालय से लगभग डेढ किलोमीटर दूर बरौली में बनने वाले चिकित्सक आवास, पैरामेडिकल आवास और नर्सेज आवास निर्माण का काम भी पूरा होगा।



## 60 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

मऊ। सोमवार को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रामपुर सोहड़ से सुधीर उरांव पुत्र बग्गी उरांव निवासी गड़वाली थाना सिसई जनपद गुमला झारखण्ड के कब्जे से तीन जरिकेन में 60 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

### 40 हजार के अभाव में पेयजल इकाई ध्वस्त

रतनपुरा, मऊ। स्थानीय जल निगम इकाई द्वारा पेयजल की आपूर्ति पिछले 6 माह से बंद पड़ी है। जिसकी वजह से लगभग 200 पेयजल उपभोक्ताओं को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति नसीब नहीं हो पा रही है। बताया जाता है कि पेयजल इकाई का मोटर पिछले 6 माह से जला पड़ा है परंतु विभाग द्वारा 40000 का नए मोटर की खरीददारी नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से आपूर्ति बाधित है। विभागीय अधिकारी भी उदासीन पड़े हुए हैं। नए मोटर के अभाव में जलापूर्ति बाधित है तथा पुराने मोटर का मरम्मत नहीं हो पा रहा है। वहीं कर्मचारियों का 3 महीने का वेतन न मिलने से वे अलग से ही अपना दुखड़ा रो रहे हैं।

### फाइबर केबल व ज्वाइंट क्लोजर के साथ एक गिरफ्तार

आजमगढ़। शहर कोतवाली पुलिस ने शहर क्षेत्र के पांडेय बाजार चौराहे से सोमवार की सुबह फाइबर केबल व ज्वाइंट क्लोजर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। 11 फरवरी को भुवनेश्वर कुमार निवासी दलालघाट व सर्वेश कुमार निवासी बीएसएनएल कालोनी ने नलकूप के पंप का केबल व ज्वाइंट क्लोजर चोरी होने की सूचना दी थी। पुलिस ने इन दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच में जुट गई। उपनिरीक्षक धर्मराज यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की केबल को बेचने के लिए आरोपित कहीं जा रहा है।

## स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक घायल

रतनपुरा, मऊ। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक अजय कुमार तिवारी छत पर गिर कर घायल हो गए हैं। जिनका उपचार मऊ के एक निजी चिकित्सक के यहां से चल रहा है। बताया जाता है कि स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक एवं रतनपुरा प्रखंड के दक्षिणांचल स्थित मखना ग्राम पंचायत के निवासी अजय कुमार तिवारी दोपहर में अपने छत पर धूप सेक रहे थे, उसी दौरान एक खूंखार बंदर इनके नजदीक आ करके बैठ गया। बंदर को भगाने के उद्देश्य से यह अचानक उठ कर-के भाग खड़े हुए और छत पर ही लड़खड़ा कर गिर गये, और घायल हो गए। उन्हें तत्काल मऊ के एक निजी चिकित्सालय में ले जाया गया । जहां से उनका उपचार चल रहा है। अब उन्हें उपचार का लाभ मिल रहा है।स्वदेशी जागरण मंच एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं ने उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामना व्यक्त की है।

## शोकसभा में शिक्षक को दी गई श्रद्धांजलि

सूरजपुर, मऊ। दोहरीघाट शिक्षा क्षेत्र अन्तर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कामरेड जयबहादुर सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर के प्रांगण में इसी विद्यालय में कार्यरत शिक्षक व एनपीआरसी सूरजपुर के शंकुल प्रभारी राजेश कुमार राय की मार्निंग वाक से वापस घर जाते समय कटघरा महलू के पास मधुबन दोहरीघाट मार्ग पर बारात से वापस लौटते समय कार की टक्कर से घायल होने के बाद विगत दिनों हुई दर्दनाक मृत्यु से दोहरीघाट शिक्षा क्षेत्र के सभी मर्माहत व शोकाकुल शिक्षको ने शोकसभा का आयोजन सोमवार को किया। जिसमें सभी शिक्षकों ने स्वर्गीय राजेश राय के चित्र पर सजल नयन से श्रद्धा सुमन अर्पित किया साथ ही साथ उनकी गतात्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से शिक्षकों ने प्रार्थना की। शोकसभा को सम्बोधित करते हुए गिरिजा शंकर राय, प्रमोद मिश्र, प्रधानाध्यापिका गीता यादव शंकुल प्रभारी जजौली झम्मन यादव राकेश कुमार नारायण सिंह, प्रधानाध्यापक अनिल राय, अशोक यादव सहित दो दर्जन वक्ताओं ने स्व राय के कृतित्व, व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। लोगों ने कहा कि स्वर्गीय राय साहब कम ही समय में अपने कार्यकुशलता व सहज स्वभाव के चलते सभी शिक्षकों के दिलों पर राज करते थे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका कुमुदलता राय, प्रवीण राय, सतीश राय, रुपारानी मौर्या, सुशीला पाण्डेय, संगीता राय, शशिकला पाण्डेय, मंजूलता पाण्डेय, प्रदीप कन्नौजिया, सुजीत राय सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

### गैंगेस्टर एक्ट में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देशन में विधानसभा चुनाव-2022 के दृष्टिगत अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर भुजौटी पेट्रोल पंप के पास से मु0अ0सं0 456/21 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त मंयक यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी गोविन्दपुर गुनिया थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## ग्रामीण ने रोका स्कूल का रास्ता, पठन-पाठन बाधित

बोंगरिया/ मेंहनगर (आजमगढ़)। शिक्षा क्षेत्र मेंहनगर के कंपोजिट विद्यालय विष्णुपुर के रास्ते को अपनी जमीन बताकर सोमवार को एक व्यक्ति ने बांस से घेरकर बंद कर दिया। विद्यालय पहुंचे बच्चे और शिक्षक साढ़े तीन घंटे तक बाहर पड़े रहे। एसडीएम के निर्देश पर पहुंचे एसओ तरवां ने रास्ता खोलवाने के साथ ग्रामीण को हिरासत में ले लिया।

कंपोजिट विद्यालय में 470 छात्र पंजीकृत हैं। इस पर प्रधानाध्यापक सहित 11 अध्यापकों की तैनाती हैं। सोमवार की सुबह छात्र 270 छात्र विद्यालय पहुंचे थे। विद्यालय के बगल में एक व्यक्ति की भूमि है। इसे उन्होंने अपना बताते हुए सुबह ही बांस व बल्ली से रास्ता सहित जमीन को घेर दिया। इसके चलते छात्र व शिक्षक स्कूल तक नहीं जा सके। प्रधानाध्यापक श्रीनाथ त्रिपाठी ने इसकी जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने एसडीएम को अवगत कराया और एसडीएम की सूचना पर एसओ तरवां तत्काल मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने विद्यालय जाने वाले अवरुद्ध रास्ते को खोलवा दिया। इससे साढे. तीन घंटे तक शिक्षण कार्य बाधित रहा। खंड शिक्षा अधिकारी मेंहनगर संतोष पांडेय ने बताया कि विद्यालय पहले से बना हुआ है। बच्चे प्रतिदिन इसी मार्ग से आते-जाते थे। किसान राजेंद्र सिंह ने बताया कि जमीन हमारी है। विद्यालय वाले कब्जा कर लिए हैं।



# सुबोध चन्द्र यादव के समर्थन में उमड़ा भारी जन सैलाब

## भीड़ देखकर गदगद हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल



प्रखर सन्तकबीरनगर। दिल्ली के आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार अरविंद केजरीवाल का काशीराम शहरी आवास के प्रांगण में पहुंचकर उमड़े जनसैलाब को देखते हुए गदगद हो गए। और उन्होंने आगामी 3 मार्च को छठवें चरण के होने वाले चुनाव में पूर्वांचल के कद्दावर नेता स्वर्गीय भाल चंद यादव के पुत्र सुबोध चन्द्र यादव के पक्ष में झाड़ू चुनाव चिन्ह पर बटन दबाने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि हमारी सरकार हमारे लोग लाएगे तो दिल्ली मॉडल के तर्ज पर संत कबीर नगर को दिखा दूंगा। जैसे मुफ्त शिक्षा बिजली स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को मुहैया कराऊंगा मैंने दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक सहित तमाम अस्पतालों का निर्माण कराया जहां गरीब कमजोर वर्ग से लेकर सारे लोगों की दवाएं मुफ्त होती है। साथ ही साथ मॉडर्न शिक्षा प्राथमिक विद्यालयों में शुरू किया जहां हर अमीर गरीब मजलूम के बच्चे मुक्त शिक्षा पा रहे है।इस अवसर पर अखिलेश पति त्रिपाठी विधायक दिल्ली, प्रदेश अध्यक्ष आम आदमी पार्टी तथा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती नीलम यादव पूर्व मंत्री जयप्रकाश यादव शेषनाथ यादव विश्वंभर नाथ श्रीवास्तव तथा सायरकारो अपने शायरी के माध्यम से सभा को संबोधित करते हुए सुबोध यादव के पक्ष में 3 मार्च को होने वाले चुनाव में ईवीएम पैड पर झाड़ू के निशान वाले बटन पर अपना मोहर लगाते हुए विजई बनाने के लिए निवेदन किया गया।

## जब पुलिस का पड़ा किन्नरों से पाला



प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। सोमवार को मरदह थाना क्षेत्र के डोड़सर गाँव मे हुए दो भाइयों के विवाद में छोटे भाई राकेश ने लोहे की राड से हमला कर बड़े भाई धर्मेंद्र को मौत की घाट उतार दिया था।मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राकेश को गिरफ्तार कर लिया था। जानकारी के अनुसार राकेश का गाजीपुर के एक किन्नर से वैवाहिक संबंध था।राकेश की गिरफ्तारी से नाखुश किन्नर गाजीपुर से संगठित होकर लगभग 50 की संख्या में मंगलवार की सुबह थाने पहुंचकर राकेश को छुड़ाने का दबाव देने लगे बात बनता न देख किन्नर आक्रोशित हो उठे और नग्न होकर गाड़ियों पर पथराव करना शुरू कर दिया। करीब 2 घंटे से ज्यादा समय बाद समाचार लिखे जाने तक किन्नर थाने पर ही डटे रहे। यही नही किन्नरों द्वारा पुलिस को निशाना बनाया जा रहा था जब कि जनता से किन्नरों द्वारा समर्थन कि मांग की जा रही थी। मरदह पुलिस ने बताया किन्नर अभी थाने पर जमे हुए हैं लगातार इट पत्थर चला रहे हैं। वहीं किन्नरों का उग्र रूप देख अन्य लोग भी सहम गए। मौके पर पहुँचे कासिमाबाद क्षेत्राधिकारी ने समझाबुझाकर मामले को शांत किया।

## डोर टू डोर कैम्पेनिंग में बोले प्रत्यासी केराकत की जनता निश्चित ही इस बार बदलाव करेगी : राजेश गौतम

प्रखर केराकत जौनपुर। कांग्रेस पार्टी के विधानसभा केराकत प्रत्याशी राजेश गौतम की अध्यक्षता में सभी कार्यकर्ता व समर्थक पूरे नगर में डोर टू डोर कैंपेनिंग किया गया। नरहन स्थित अपने कार्यालय से प्रारम्भ करते हुए नरहन वार्ड व नालापार, गोलावार्ड, सिपाह ,शेखजादा मोहल्ला,से होते हुए सिहौली चौराहे से बाईपास होते हुए सभी जगह जनसंपर्क करते हुए पुनः कार्यालय पर पहुँचे। कांग्रेस विधायक प्रत्याशी राजेश गौतम नें बताया कि कांग्रेस पार्टी मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है हमारी पार्टी चुनाव से पहले ही महिलाओं को 40% टिकट देकर यह सावित कर दिया है कि महिलाओं के हितों के बारे में अगर कोई सोच सकता है तो वह एक मात्र पार्टी हैं तो कांग्रेस पार्टी। उन्होंने हमारी पार्टी



जुमलेबाजी नही करती हैं बल्कि विकास की बात करती है।मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी राजेश गौतम नें बताया कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो विधानसभा क्षेत्र से ही उम्मीदवार घोषित करती हैं बाकी सभी पार्टियाँ केराकत विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को ही टिकट देकर यहाँ का उम्मीदवार बनाती है। केराकत विधानसभा की जनता हर पार्टियों के उम्मीदवार पर भरोसा जताकर विधानसभा भेजती है पर वह उम्मीदवार चुनाव जीतकर क्षेत्र में विकास करना ही भूल जाता है क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं को लेकर जनपद में विराजमान हुए विधायक से मिलने जाती हैं पर वहाँ जाकर मिलती है तो केवल उदासी।अगर क्षेत्र की जनता अपना प्यार व आशीर्वाद दिया तो केराकत विधानसभा के सर्वांगीण के लिए हर सम्भव प्रयासरत रहेंगे।इस अवसर पर सभी कार्यकर्ता व समर्थक उनके साथ डटे रहें।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की अध्यक्षता में हुई बैठक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर चर्चा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। शिक्षकों की समस्याओं सहित विभिन्न मुद्दों पर सनत कुमार सिंह,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, वाराणसी की अध्यक्षता में बैठक हुई बैठक में चर्चा किया गया। जिला मंत्री कैलाशनाथ यादव ने कहा कि संगठन द्वारा निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन के जरिए अवगत कराए जाने के बावजूद भी वर्तमान समय में विशेष रूप से महिला शिक्षकों जिनके छोटे बच्चे हैं, उनकी भी ड्यूटी लगाई गई है। संजय सिंह ने कहा कि पति-पत्नी दोनों की विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में मतदान कार्मिक रूप में ड्यूटी लगी है उनमें से एक को ड्यूटी से मुक्त नहीं किए जाने से शिक्षकों में रोष व्याप्त है। सनत कुमार सिंह ने शिक्षकों से अपील



की है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु हम सब मतदाता जागरूकता अभियान में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं,ऐसे में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के साथ हम सबकी विशेष जिम्मेदारी बनती है कि समाज में मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए हम सभी निर्वाचन प्रशिक्षण के दिन अपना वोटर क्रमांक व आईडी कार्ड अवश्य ले जाएं और वहां पर फार्म12 बार करके पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान अवश्य करें ताकि शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की पूर्ति के हम शिक्षक भी भागीदार बन सके। बैठक में सनत कुमार सिंह,कैलाशनाथ यादव सहित संजय सिंह,अनूप सिंह सुरेंद्र वर्मा, श्याम नारायण, ज्योतिभूषण, दुर्गा सिंह,संजीव राय,अशोक सिंह, राजेश सिंह,मनोज कुमार,वेद प्रकाश आदि शामिल रहे।

## पिंडरा तहसील बार के वकीलों ने भाजपा विधायक को दिया समर्थन



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा तहसील के वकीलों ने भाजपा प्रत्याशी को विस चुनाव को समर्थन देने की घोषणा की। तहसील बार एसोसिएशन की मंगलवार को अधिवक्ता भवन में तहसील बार अध्यक्ष मनोज शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। बैठक में बार के वकीलों ने एक स्वर से भाजपा प्रत्याशी व विधायक डॉ अवधेश सिंह को विस चुनाव में अपना वोट व समर्थन देने की घोषणा की। वकीलों ने उनके द्वारा रिकार्ड समय मे तैयार किये गए डेढ़ करोड़ की लागत से बने भवन समेत अनेक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार तहसील से क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए। इसलिए हम लोगो का नैतिक दायित्व बनता है कि हम विकास के इस कड़ी को टूटने न दे और उनका खुलकर समर्थन करें। बैठक के दौरान पूर्व बार अध्यक्ष सुभाष दुबे, अशोक पांडेय, हरिश्चंद्र पटेल, श्याम शंकर सिंह, विजय शंकर पांडेय, अंकित मिश्रा, प्रितराज माथुर, आलोक पांडेय, संजय मिश्र, कौशल मिश्रा, आनंद मिश्रा, शरद पांडेय मुन्ना, राजेश पटेल, कमलकांत राय, श्रीनाथ गोंड़, विजय शर्मा , सुधीर सिंह, मनीष सिंह व छविनाथ प्रजापति समेत दर्जनों वकील रहे।

## मोटरसाइकिल का साकर टूटने से सवार दो महिलाओं का पैर टूटा

प्रखर चुनार मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कठेरवा खानपुर गांव के पास बाइक का साकार टूटने से बालू घाट निवासी शाहपुर साहनी अपने पत्नी व बच्चों एवं गांव की एक महिला को लेकर मोटरसाइकिल से कहीं अपने पर्सनल काम से जा रहा था जैसा कि कठेरवा खानपुर पहुंचते हैं इसके मोटरसाइकिल के सामने अचानक गड्ढा आ जाने के कारण मोटरसाइकिल का साकार टूट गया मोटरसाइकिल पर सवार सहादुर साहनी बीबी बच्चों के साथ गिर गये जिससे दोनों महिलाओं के पैर की हड्डी टूट गई वही मासूम को हल्की फुल्की चोट आई सहादुर साहनी का पैर में मोटरसाइकिल के पहिया फस जाने के कारण पैर में गंभीर चोट आई देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई ग्रामीणों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी परंतु सूचना पर एंबुलेंस घंटों इंतजार के बाद भी नहीं आई तो ग्रामीणों ने परिवार जनों को सूचना दी सूचना पाकर परिजन आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे प्राइवेट गाड़ी से सभी घायलों को लेकर के निजी अस्पताल में ले गए जहां उन सारे लोगों का इलाज हो रहा है।

## कैथी में दो दिन का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

### जनहित के मुद्दों पर सरकार का समर्थन और जनविरोधी गतिविधियों पर सचेत करना कार्यकर्ता की जिम्मेदारी

प्रखर डेस्क। पूर्वांचल के 17 जिलों के सक्रिय सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों का दो दिवसीय सम्मेलन कैथी (भंदहाकला) स्थित आशा ट्रस्ट केंद्र पर आयोजित किया गया. जिसमे प्रमुख वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए वरिष्ठ गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता एवं एकता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पी वी राजगोपाल ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब चुनावों में आम जनता के हित से जुड़े मुद्दे जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेती, भूमि अधिकार, सामाजिक सौहार्द्र, सामाजिक न्याय, सामजिक सुरक्षा आदि पर प्रायः चर्चा नही होती बल्कि जाति, धर्म, क्षेत्रीयता, नफरत आदि बातो को ही केंद्र में रखा जा रहा है. ऐसे में सामाजिक कार्यकताओं की भूमिका काफी अधिक हो जाती है कि वे लोगों को जागरूक करे और मतदाताओं को प्रेरित करें कि वे प्रत्याशियों से जमीनी मुद्दों पर संवाद करें और सोच समझ कर ही अपने मताधिकार का प्रयोग करें.

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनावों के बाद प्रदेश



में जो भी सरकार बने हमारी जिम्मेदारी है कि जनहित मुद्दों पर सरकार का सहयोग और समर्थन तथा जनविरोधी कार्यवाहियों और वादाखिलाफी पर सरकार को सचेत करें. हमें सभी दलों के घोषणा पत्र में किये वादों को भी ध्यान रखना होगा जिससे हम आगामी वर्षों में उस पर किये गये अमल का स्वस्थ विश्लेषण कर सकें. सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता को एक मध्यस्थ की भूमिका निभानी चाहिए एवं उसे जनता, जनप्रतिनिधि और नीति निमार्ताओं के मध्य स्वस्थ संवाद स्थापित कर एक मानवीय, विकसित, बहुलतावादी और समृद्ध समाज की स्थापना में रचना और आंदोलन के माध्यम से अपना योगदान देना चाहिए. सम्मेलन में प्रमुख रूप से राम कुमार, दौलत राम, बिन्दु सिंह, द्विजेन्द्र विश्वात्मा, साधु शरण शर्मा, महेशानंद भाई, देव प्रकाश चौबे, वीरेंद्र पाण्डेय, बिंदु सिंह, कपिल देव केसरी, लव कुश विश्वकर्मा, आहमेर सिद्दीकी, अम्बुज यादव, सावित्री, सुमित्रा, अंशुमान सिंह, राम जनम, मृत्युंजय राय, राम सहारे पाल आदि की प्रमुख रूप से भागीदारी रही।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ

प्रखर जौनपुर। कुटीर पीजी कॉलेज चक्के जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंगलवार दिनांक 22/02/2022 से सात दिवसीय कैंप का शुभारम्भ हुआ । विशेष शिविर के इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महविद्यालय प्रबंध समिति के संरक्षक एवं पूर्व ग्रंथालयाध्यक्ष पंडित श्री भूषण मिश्र जी रहे जबकि विशेष शिविर के प्रथम दिन के संगोष्ठी की अध्यक्षता भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राघवेंद्र पांडेय जी ने किया । सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिन कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती जी के और संस्थापक परम पूज्य पंडित अभयजीत दूबे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि पंडित श्री भूषण मिश्र जी , अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र पांडेय जी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ एन पी मिश्र






जी , राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्रीनिवास तिवारी जी और रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमरेश कुमार जी उपस्थित रहे । राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में बोलते हुए वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ एन पी मिश्रा ने कहा कि महाविद्यालय में यह सात दिवसीय शिविर हर वर्ष सुचारू रूप से संचालित होता आया है, इस परम्परा का निर्वहन हम सब मिलकर खुद में देश सेवा का भाव जागृत करते हुए यू ही पूरी निष्ठा से करते रहेंगे। कार्यक्रम में बोलते हुए महाविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षक एवं पत्रकार पंकज कुमार मिश्रा जी ने कहा कि महाविद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना के रूप में एक गैर शैक्षणिक कार्यक्रम प्राप्त है जिसका लाभ सभी छात्रों को उठाना चाहिए । इससे आपमें दूसरों के प्रति आदर , स्वावलंबन ,सेवा और स्वच्छता का भाव जागृत होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना देश सेवा का भाव जगाने वाला अनूठा है । उक्त कार्यक्रम में बोलते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्रीनिवास तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किया और कहा की एन एस एस सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भूषण ने कहा कि राष्ट्रीय विकास करती है राष्ट्रीय सेवा योजना से बच्चों में सेवा की भावना एवं स्वच्छता का भाव जागृत होता है । कार्यक्रम को डॉ अमरेश कुमार , श्रीमती डॉ पूनम सिंह , डॉ अनुज कुमार शुक्ल ने भी संबोधित किया । अंत में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन ने डॉ राघवेंद्र पांडेय जी ने उपस्थित शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और उसमे सक्रिय सहभागिता बनाए रखने, लगातार सीखने और खुद को भविष्य में एक अच्छा सुयोग्य नागरिक बनने हेतु सुझाव दिया । शिविरार्थियों ने विविध प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए । उक्त अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं सहयोगी उपस्थित रहे ।

## सड़क हादसे में हुई एक की मौत

प्रखर धानापुर चंदौली। सड़क हादसे में नरौली ग्राम निवासी की हुई मौत। उमानंद यादव पुत्र रामहरख यादव की सड़क हादसे में हजारीबाग में डिवाइडर से टकरा कर हुई मौत। धानापुर नरौली ग्राम निवासी उमानंद यादव पुत्र रामहरख यादव कलकत्ता ट्रांसपोर्ट लाइन में ड्राइवर का काम करते थे । माल से लड़ा हुआ ट्रक कंपनी से खाली कर वापस आते समय हजारीबाग के समीप सड़क के डिवाइडर से ट्रक टकरा गई और टकराने के बाद ट्रक का दरवाजा खुल गया और उमाकांत यादव बाहर गिर गए जिससे उनको काफी गंभीर चोट आई और आस पास के लोग तुरन्त उठा कर सामुदायिक स्वस्थ्यकेन्द्र में भर्ती कराया लेकिन जिस हिसाब से गंभीर चोट आई थी उसके अनुसार उपचार मुहैया नही हो पाया और कई घंटों बाद वहां के डॉक्टर ने कहा कि इनको प्राइवेट हॉस्पिटल में ले कर जाए तब वहां के पुलिस ने उमाकांत यादव के मोबाइल से एक नम्बर डायल किया जो की उनके मित्र के पास गया जो हैदराबाद में रहते थे और उसके बाद घर के परिजनों को पता चला तो परिजनो ने खुद का गाड़ी करके मौका ए वारदात पर पहुँचे और रिपोर्ट और कोई अन्य कागजात मांगने पर वहाँ पर उनको कुछ भी नही दिया गया और जब बी.एच.यू. में भर्ती करने के लिए बनारस लाया गया तो बनारस में लंका तक पहुचते पहुचते अपनी जिंदगी का उमाकांत



यादव ने अंतिम सांस लिया और दुनिया को अलविदा कह दिया। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित किया और उमाकांत यादव का मृत सरीर जब धानापुर के नरौली गांव लाया गया तो घर वालों के होश उड़ गए मानो जैसे घर वालों के ही शरीर से प्राण निकल गए। यह मामला जब थाने के संज्ञान में आया तो मौके पर पुलिस पहुची और पार्थिव शरीर को लेकर अपना कार्य करते हुवे कागजी कार्यवाही पूरा करने के बाद धर्मेंद्र वर्मा के साथ मृत शरीर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### किशन सेठ उत्तरी विधानसभा के चुनाव प्रभारी नियुक्त किए गए



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी वाराणसी महानगर उत्तरी विधानसभा के उपाध्यक्ष किशन सेठ को पार्टी के निष्ठा एवं पूर्ण रूप से लगन को देखते हुए समाजवादी पार्टी प्रदेश कमेटी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम जी के संस्कृति पर महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा द्वारा उत्तरी विधानसभा के अध्यक्ष अजय चौधरी जी ने किशन सेठ को उत्तरी विधानसभा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया बता दें कि उत्तरी विधानसभा में लगभग 5000 से 10000 स्वर्णकार वोटर हैं जिन को प्रभावित करने के लिए यह जिम्मेदारी किशन सेठ को दी गई है पिछले स्नातक एमएलसी चुनाव में भी किशन सेठ को प्रभारी नियुक्त किया गया था परिणाम स्वरूप वाराणसी में स्नातक की सीट समाजवादी पार्टी ने निकाली थी किशन सेठ मीरापुर बसही व्यापार मंडल के महामंत्री वाराणसी सराफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं व्यापारिक एकता प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश के सचिव हैं व्यापारियों में इनकी अच्छी पहचान है जिसे देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है नियुक्ति लेटर दर्जा प्राप्त पूर्व राज्य मंत्री मनोज राय धूपचंडी जी द्वारा दिया गया।

### मतदान जागरूकता के लिए मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जेसीआई काशी शिवा और भारत विकास परिषद वाराणसी सिटी के मध्य मतदान जागरुकता हेतु मैत्री क्रिकेट की प्रतियोगिता का आयोजन डी ए वी कॉलेज के मैदान में हुआ कपहले खेलते हुए भारत विकास परिषद की टीम ने 20 ओवर में 171 रन बनाएं जिसके जवाब में जेसीआई काशी शिवा ने यश चौधरी के शानदार 84 रनों की बदौलत 8 गेंद शेष रहते हुए प्रभावी जीत हासिल की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं मैंन ऑफ द मैच जेसी यश चौधरी ,सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भारत विकास परिषद के हरेश रुपानी जी,सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण के लिए जेसी संतोष सिंह जी को चुना गया क इस मैच में भारत विकास परिषद वाराणसी सिटी के अध्यक्ष राजीव शाह जी एवं convenor राकेश मेहरोत्रा, आनंद बेरी, अनुराग सोनी, जेसी स्पर्श मेहरोत्रा, जेसी श्याम जालान जेसी यश चौधरी प्रोग्राम डायरेक्टर रहें क इसके अतिरिक्त जेसीआई काशी शिवा के अध्यक्ष जेसी गौरव मेहरोत्रा, सूर्यांश, लक्ष्य, रोहित, कुश, विवेक जी इत्यादि लोगों ने मैच में हिस्सा लिया। मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत पैम्फलेट का वितरण किया गया और इस लोकतंत्र में अपनी भूमिका के लिए लोगो को लगातार पैम्फलेट वितरण के माध्यम से जागरूक किया जाता रहेगा।

### पुलिस प्रेक्षक ने किया कोतवाली का निरीक्षण



प्रखर केराकत जौनपुर। पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार प्रथम ने सोमवार को केराकत कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान एनबीडब्ल्यू से संबंधित जानकारी प्राप्त की और विधानसभा चुनाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि सभी जगह सन्तोषजनक स्थिति है। संवेदनशील गांवों व मोहल्ले में दोबारा जनसंवाद करके स्थिति को सामान्य बनाने और आम पब्लिक में किसी प्रकार की धमकी या गुण्डा तत्व की उपस्थिति न हो सभी थानों को इसका निर्देश दिया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी, थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत रहे।

### मड़ियाहूं विधानसभा के प्रेक्षक बनाए गए मेघू बड़ाईक, जिला मुख्यालय पर हो चुका है आगमन

प्रखर जौनपुर। अंतिम चरण के मतदान के लिए निर्वाचन आयोग पूरी ताकत झोंक दी है।पारदर्शी और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए विधानसभाओ में प्रेक्षको की आगमन शुरू हो गया है। मड़ियाहूं विधानसभा 370 के लिए नामित प्रेक्षक मेघू बड़ाईक का जिले में आगमन हो चुका चुका है,वे 2008 बैच के आईएएस अधिकारी है। उनका मोबाइल नम्बर 7317628973 है। लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाऊस में ठहरे है। प्रतिदिन प्रातः 10 से 11 बजे केबीच संपर्क किया जा सकता है।

**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं